


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 302 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 28 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर शबरी महिला शक्ति विकास संस्था ने मनाया स्थापन दिवस ....

स्टार सेरेमनी - सीनियर स्टेनोग्राफर के पद पर प्रमोट हुए एसपी स्टेनो .... पेज -8 पर


## धनवादा कंपनी की दबंगई से जूझ रहे वृद्ध किसान की दास्तान

### कहा वे धमकाते हैं कि तू हमारा क्या कर लेगा





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ विकासखड के ग्राम भालूपखना में एक ऐसा गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें करीब सौ साल के एक बुजुर्ग के खेत पर गाड़ियां घुसा कर उस पर लगी फ सल को जबरन बर्बाद कर दिया गया, और जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे धमकी दी गई। बता दें कि धरमजयगढ़ के भालूपखना गांव में एक लघु जल विद्युत परियोजना प्रस्तावित है। मांड नदी पर 7.5 मेगावाट उत्पादन क्षमता की इस परियोजना का कार्य मेसर्स धनवादा पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। फिलहाल साइट पर नहर व अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में कुल 25 खातेदारों की 2.971 हेक्टेयर निजी भूमि प्रभावित हो रही है। बीते शनिवार को हमने गांव के सरपंच पति के साथ उस क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वहां पर अपने खेत में काम कर रहे किसान बीरबल से मुलाकात हुई। करीब सौ वर्ष की उम्र के इस किसान ने हमें बताया कि वहां पर उसकी करीब ढाई एकड़ जमीन है, जिसमें से 15 डिसमिल जमीन उस प्रोजेक्ट में प्रभावित हुई है। जिसका मुआवजा दिया गया है लेकिन उसकी बाकी जमीन जिस पर फसल लगी हुई है, उसमें कंपनी ने रास्ता बना दिया है और खेत में बड़ी वाहनों के चलने के कारण उनकी फसल बर्बाद हो गई है। सिर्फ यही नहीं, बीरबल ने बताया कि जब उन्होंने इस बात पर एतराज जताया तो कंपनी के आदमियों द्वारा उसे धमकाते हुए कहा गया कि तू एक अकेला वृद्ध हमारा क्या कर लेगा। इस तरह एक कंपनी द्वारा अन्नदाता कहे जाने वाले किसान के जीवन यापन के माध्यम को ही निशाना बनाया जा रहा है और गांव के मुखिया चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। इस दौरान वहां मौजूद सरपंच पति और पूर्व उपसरपंच ने इस मामले में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। इस तरह रसूख के बल पर धनवादा कंपनी एक अन्नदाता के मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। अब देखना है कि प्रशासन कंपनी द्वारा एक बुर्जुग किसान का फसल को नुकसान पहुंचाने वाली धनबादा कंपनी पर क्या कार्यवाही करती है?



### ED, IT और CBI लोकतंत्र के लिए खतरा बनी

## अब सट्टा ऐप में बदनाम करने की कोशिश- सीएम भूपेश

### केंद्र सरकार कर रही दुरुपयोग



रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार चल रही ED की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। सीएम ने कहा कि, ED, CBI और IT लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई है।

भारतीय जनता पार्टी और केंद्र में बैठी सरकार इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण और सबूत यही है कि बीजेपी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कल ही सरगुजा में कहा कि आगे देखते जाइए दो महीने में और क्या-क्या होता है? मुख्यमंत्री बघेल रविवार को भाटापारा रवाना होने से पहले रायपुर में मीडिया से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में भी ED पर सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया। कहा कि, ये लोग एक विभाग में जाते हैं, फिर दूसरे में जाते हैं और फिर वहां कुछ नहीं मिलने पर तीसरे विभाग में चले जाते हैं, लेकिन वहां भी इन्हें कुछ नहीं मिलता। अभी ऑनलाइन ऐप पर उनका चल रहा है। जिस पर राज्य सरकार पहले ही कार्रवाई कर चुकी है और लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया है। सीएम ने ED पर कहा कि, इनका मकसद राजनीति है। मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई करना इनका उद्देश्य नहीं है। शराब मामले में भी डीलर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, ना उनकी संपत्ति जब्त की ना उनकी गिरफ्तारी हुई जबकि मेन खिलाड़ी तो वही है।

### सरकार को बदनाम कर रही ईडी

सीएम बघेल ने कहा कि, ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले सरकार ने लगातार कार्रवाई कर बहुत सारे मोबाइल, लैपटॉप, गैजेट्स, रुपए बरामद किए और कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में जो दो लोग बाहर हैं, ईडी उनको पकड़ने के लिए ताकत नहीं लगा रही है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सभी जगह से उन्होंने हजारों करोड़ लिया है, लेकिन केवल कार्रवाई यहां क्यों? सीएम ने कहा कि वे मुख्य आरोपी को पकड़ने की कोशिश नहीं कर रहे हैं बल्कि सरकार को बदनाम करना, सरकार और कांग्रेस पार्टी में जो लोग काम कर रहे हैं, उसको बाधित करने का काम ED कर रही है।

## शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बीएड-डीएड डिग्रीधारकों का प्रदर्शन

### चुनाव के पहले प्रक्रिया शुरु करने की उठाई मांग




**रायपुर।** शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बीएड-डीएड डिग्रीधारी कला संकाय के युवाओं ने शनिवार को तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया. ये सभी मैदानी क्षेत्र जैसे बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग में शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे हैं। पिछले 10 सालों से कला संकाय में नौकरी नहीं निकलने पर सभी ने आक्रोश जताया. जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 56 हजार शिक्षकों की सीट खाली है. शिक्षक विहीन स्कूलों को लेकर लगातार प्रदेश में स्कूलों में ताला जड़ा जा रहा है. कला संकाय और बीएड-डीएड प्रशिक्षित कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने बताया कि प्रदेश में 57,447 शिक्षकों के रिक्त पदों को चुनाव से पूर्व नोटिफिकेशन निकालकर भरे जाने की मांग है. क्योंकि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि 60 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी. जो कि अब तक नहीं की गई है. डिग्रीधारियों की मांग है कि व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, संगीत शिक्षक, कला शिक्षक, विज्ञान प्रयोगशाला और कला विज्ञान संकाय के रिक्त व्याख्याता पदों पर भर्ती की जाए. साथ ही सवाल खड़ा करते हुए कामेश्वर यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की स्थिति अत्याधिक दयनीय है. सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है. जिसे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है. विद्यार्थी लगातार शिक्षकों की मांग कर रहे हैं।

## मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की शुरू हुई पैदल यात्रा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सभी विषयों में छत्तीसगढ़ी माध्यम से पढ़ाई, सरकारी कामकाज में छत्तीसगढ़ी को अनिवार्य करने, पहली से पांचवी तक छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई, जैसे कई मांगों को लेकर मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच ने आज पैदल यात्रा निकाली। मायामाया मंदिर से सुबह 7 बजे से शुरू हुई पैदल यात्रा शहर के कई प्रमुख स्थानों से होकर कलेक्ट्रेट स्थित महतारी चौक में संपन्न हुई. छत्तीसगढ़ी राजभाषा के संस्थापक नंद कुमार शुक्ल ने पैदल यात्रा शुरू होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि महतारी भाषा माध्यम होना चाहिए. एक विषय नहीं होना चाहिए, महतारी भाषा माध्यम होनी चाहिए. हमारा जो अभियान है, पूरी महतारी भाषा - छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हरदी पहली से लेकर पांचवी तक पढ़ाई का माध्यम होना चाहिए. उन्होंने कहा कि भाषा विषय के रूप में रूप में होना अलग बात है. माध्यम भाषा बने, यह एक अलग बात है. भाषा केवल विषय बने, यह अलग विषय है.

## पूर्व मंत्री का रायपुर पश्चिम में शक्ति प्रदर्शन

*कंधो में कावड़ लेकर महादेव घाट पहुंचे, उड़ीसा के कालाहाण्डी के कलाकारों को देखने उमड़ी भीड़*



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल के सावन में नेता शिवभक्ति में लीन दिखें। साथ ही उन्होंने इस सावन जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। रविवार को पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने भी कावड़ यात्रा निकाली। जो गुढ़ियारी से होकर महादेव घाट तक गयी। इस कावड़ यात्रा में उड़ीसा के कालाहांडी के नृतक कलाकारों को देखने बड़ी मात्रा में भीड़ उमड़ी।

इस कावड़ यात्रा की शुरुआत गुढ़ियारी के मारुति मंगलम भवन से विधि विधान से पूजा पाठ कर तेलघानी नाका चौक,अग्रसेन चौक,आमापारा से होकर लाखे नगर चौक,फिर रायपुरा चौक होते हुए महादेव घाट तक निकाली गई। इस यात्रा की अगुवाई मूणत कर रहे थे। कांवड़ यात्रा के महादेव घाट पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने हटकेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक किया।

इस कावड़ यात्रा में उड़ीसा के कालाहाण्डी के नृतक दलों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। जिसे देखने बड़ी मात्रा में लोग उमड़े। वे अपने कैमरों में इन कलाकारों के डांस को कैद करते नजर आए।

हालांकि इस दौरान जगह-जगह जाम के हालात भी बने। ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं दिखें। जहां से कांवड़ यात्रा गुजर रही थी वहीं से कार और बाकी वाहन भी क्रॉस हो रहे थे। वहीं यात्रा के पीछे भी गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिली।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में समाज सुधारक और शिक्षाविद् स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में मानव सेवा एवं शिक्षा संस्कार की अलख जगाई।

## कारीपानी के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

### घंटों हुई फायरिंग, एक पुरुष नक्सली मारा गया



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नक्सल अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम कारीपानी के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच रात से मुठभेड़ जारी है। घंटों हुई मुठभेड़ में एक पुरुष नक्सली के मारे जाने की खबर सामने आई है। जिला पुलिस टीम सर्चिंग में जुटी हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में नक्सली दहशत और बढ़ गई है। डीआरज धमतरी टीम एवं डीआरजी गरियाबंद की संयुक्त नक्सल ऑपरेशन टीम द्वारा एक नक्सली को मार गिराया गया है। बता दें कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली के खिलाफ आपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसके लिए लगातार डीआरजी व जवानों मिलकर सर्चिंग अभियान चला कर नक्सली गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

एएसपी मधुलिका सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि नगरी ब्लाक के नक्सल अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम कारीपानी के जंगल में 26 अगस्त की रात से जिला पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। घंटों हुई मुठभेड़ में एक पुरुष नक्सली को जवानों ने मार गिराया है। जवानों को सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस सर्चिंग में जुटी हुई है। क्षेत्र में नक्सली घटना की खबर होने के बाद एसपी प्रशांत ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी क्षेत्र के लिए रवाना हो चुके हैं।

### दिशा निर्देश... डेंगू से बचने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों और मितानिनों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## कलेक्टर डॉक्टर भूरे ने किया राजधानी के रामनगर का दौरा




**डेंगू तथा अन्य बीमारियों से बचने के बताए प्रभावी तरीकेरायपुर में डेंगू से अब तक दो लोगों की मौत**

**रायपुर।** प्रदेश की राजधानी में इस सीजन में डेंगू संक्रमित से एक और मौत हो गई है। समता कालोनी निवासी 55 वर्षीय अजय अग्रवाल की विगत कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। स्वजन डेंगू का इलाज एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। डाक्टरों ने शनिवार को तबियत ज्यादा खराब होने पर देवेंद्रनगर स्थित श्रीनारायणा अस्पताल रिफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजन ने निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। श्रीनारायणा अस्पताल के डॉ. युवराज खेमका ने बताया कि दूसरे अस्पताल से रिफर होकर डेंगू पीड़ित मरीज भर्ती हुआ था। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि ऐसे ही कुशालपुर निवासी डेंगू पीड़ित एक 45 वर्षीय युवक की मौत 15 अगस्त को हुई है। डेंगू पीड़ित युवक का इलाज रिंग रोड-1 भाठागांव स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। अस्पताल संचालक ने तबियत ज्यादा बिगड़ने पर एम्स रिफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय का कहना है कि रायपुर में अभी तक डेंगू से एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि समता कालोनी और कुशालपुर के पीड़ित की मौत किन कारणों से हुई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय का कहना है कि रायपुर में अभी तक डेंगू से एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि समता कालोनी और कुशालपुर के पीड़ित की मौत किन कारणों से हुई है। रायपुर। कलेक्टर डॉक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे ने आज राजधानी के रामनगर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से डेंगू तथा अन्य संक्रामक बीमारियों को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने बस्तियों के अंदरूनी क्षेत्रो का दौरा कर सफाई सहित अन्य व्ययस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉक्टर भूरे ने बस्ती में जाकर नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने बस्ती के घरों में कूलर सहित अन्य पानी के जमाव वाले स्थलों का निरीक्षण किया और जमे हुए पानी को फेंकने का निर्देश दिया । डॉ. भूरे ने कहा कि अपने आसपास पानी जमा न होने दे। विशेषकर कूलर का पानी नियमित रूप से खाली करें, यह डेंगू के लार्वा पनपने की अनुकूल जगह है। पानी फेंक देने से लार्वा नहीं पनप पाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि मितानिनों की बैठक लें ओर उन्हें घर-घर जाकर जाकर लोगों से संपर्क करें और जिन लोगों में बुखार इत्यादि के लक्षण हो उनका डेंगू परीक्षण करें। साथ ही वे उन घरों में डेंगू फ्लॉस दवाई प्रदान करे, जिसका वे लिक्विड बनाकर कुलर तथा एकत्र पानी में डाल सके।

# अंतरिक्ष की दुनिया में भारत की छलाँग ने पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया है

असाधारण दबावों और चुनौतियों का सामना करते हुए इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चंद्रमा की 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश रेखा के पास बिल्कुल सटीक तरीके से उतार कर भारत ने विलक्षण इतिहास तो रचा ही है, दुनिया में भारत विरोधी शक्तियों का मुंह भी बंद कर दिया है, अब भारत गरीबी भी दूर कर रहा है, अपनी समस्याओं के समाधान खुद के बल पर हल भी कर रहा है और दुनिया की बड़ी से बड़ी शक्ति से टक्कर लेने की स्थिति में भी पहुंच रहा है।

आजादी के अमृतकाल में ऐसी ही अनेक उपलब्धियों की स्पष्ट आहट सुनाई दे रही है। इस विलक्षण, अनूठी एवं चमत्कारपूर्ण सफलता के लिये इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को जितनी बधाई दी जाए कम है लेकिन इन उत्सव एवं उमंग के क्षणों में भी राजनीति करने वालों पर तरस आता है, भगवान् उन्हें सद्बुद्धि दें। निश्चित ही भारत ने चांद को मुट्ठी में कर लिया है और यह जता दिया है कि कम साधनों एवं खर्चों में भी भारत बड़ी लकीरें खींच सकता है। निश्चित ही भारत ने वह कर दिखाया, जो विश्व का कोई देश और यहां तक कि अमेरिका, चीन एवं रूस भी नहीं कर सका। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को



चमत्कृत करने का काम किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग एक ऐसा अविस्मरणीय और अद्भुत क्षण है, जो वर्षों तक भारतवासियों को प्रेरित करता रहेगा। यह एक अमिट आलेख है, शानदार उपलब्धि है, जो सचमुच स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस उपलब्धि ने हम भारत के लोगों में जिस उत्साह और उमंग का संचार किया है, वह अकल्पनीय है। इन चमत्कृत करने वाले दृश्यों को भारत के करोड़ों लोगों ने देखा एवं समूचे देश को उत्सवमय बना दिया। अंतरिक्ष में नये भारत की इस नई, असाधारण एवं ऐतिहासिक उड़ान से समूची दुनिया को लाभ मिलेगा। जाहिर है, ये प्रयोग सिर्फ भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए मायने रखते हैं। अब इस चन्द्रयान से मिलने वाली सूचनाओं से चन्द्रमा पर मानव जीवन की संभावनाओं को पंख लग सके तो कोई आश्चर्य नहीं है। वहां पर जल की उपलब्धता, तापमान, जमीन की स्थिति, उपलब्ध खनिज पदार्थों आदि की जानकारियां एवं टेक्टॉनिक हलचलों का पता चलेगा।

बहरहाल, इसरो का काम कितना पक्का, तीक्ष्ण एवं परिपक्व था, इसका अंदाजा लगाने के लिए चंद्रयान-3 की उतराई का लाइव ग्राफ देखना देश-दुनिया के लिए काफी रहा होगा। यह हर बिंदु पर ठीक वैसा ही रहा, जैसा इसके होने की उम्मीद थी। साइंस-टेक्नॉलजी के मामले में रूस की गति भारत से एक सदी आगे समझी जाती है। इसके बावजूद लूना-25 को पार्किंग ऑर्बिट से लैंडिंग ऑर्बिट में लाने वाले थ्रस्टर्स ने ऑटोमेटिक कमांड समझने में चूक कर दी और वह अस्थिर कक्षा में पहुंचकर नष्ट हो गया। लेकिन चंद्रयान-3 के एक-एक थ्रस्टर ने कमांड के मुताबिक काम किया। यकीनन इसमें बहुत बड़ी भूमिका चंद्रयान-2 से हासिल किए गए तजुर्बे की रही। चंद्रयान-3 अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह ठीक ही कहा कि यह विकसित एवं नये भारत का जयघोष है और इससे देश को एक नई ऊर्जा और चेतना मिली है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता को जिस तरह नए भारत की नई उड़ान करार देते हुए इसे अमृतकाल की प्रथम प्रभा में अमृत वर्षा की संज्ञा दी, उससे इस यकीन को बल मिलता है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को वास्तव में साकार करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह वास्तव में देश की उस वैज्ञानिक चेतना और सूक्ष्म दृष्टि का कमाल है, जो तमाम बाधाओं के बावजूद पिछले 61 साल पूर्व साइकिल से शुरू हुए हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। हमने पहले चांद पर पानी खोजा और अब चांद के दूसरे सिरे पर भी पहुंच गए। इसरो ने जो

> *भारत ने वह कर दिखाया, जो विश्व का कोई देश और यहां तक कि अमेरिका, चीन एवं रूस भी नहीं कर सका। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को चमत्कृत करने का काम किया।*

इतिहास रचा, वह यही रेखांकित कर रहा है कि नए भारत का निर्माण हो रहा है और वह महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। अब यह भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि विश्व पटल पर अपनी और गहरी छाप छोड़ने का भारत का समय आ चुका है। इसके साथ ही यही वक्त है जब इसरो को अपनी महत्वाकांक्षाओं को फिर से नापने की, उन्हें विस्तार देने और सरकार को इस काम में उसकी हर संभव मदद करने की जरूरत है। ताजा उपलब्धि से इसरो की राह में अवसरों की लाइन लगनी तय है। इसरो के विज्ञानियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने लगन, जिजीविषा, तप, त्याग और संकल्प से बेहद कठिन माने जाने वाले कार्य को जिस कुशलता से संपन्न किया, उससे उन्होंने दुनिया में अपनी मेधा का लोहा मनवाया। वे वंदन और अभिनंदन के पात्र हैं। अब यह तय है कि पहले से ही भारत को एक उभरती शक्ति के रूप में देख रहा विश्व समुदाय भारत को और अधिक महत्व देगा। इसरो ने सफलता की जो गाथा लिखी, उससे हमारी अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### नीतिगत अस्थिरता की मिसाल

निर्यात रोकने के बाद अब सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी। यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। लेकिन सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए।


अचानक आयात या निर्यात को रोक देना नरेंद्र मोदी सरकार की खास पहचान बन चुकी है। फैसले चौंकाने वाले अंदाज में लिए जाते हैं, जिससे प्रभावित होने वाले तबकों को किसी पूर्व तैयारी का मौका नहीं मिलता। ऐसी मिसाल हाल में एक तरफ कंप्यूटर और उससे संबंधित उपकरणों का आयात रोकने के निर्णय के रूप में देखने को मिली, तो दूसरी तरफ अचानक चावल और फिर प्याज का निर्यात रोक दिया गया। ऐसे फैसलों से निर्यात श्रृंखला से जुड़े तमाम उत्पादकों और कारोबारियों के लिए अचानक जो मुसीबत खड़ी होती है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसे का जो संकट खड़ा होता है, वर्तमान सरकार उसकी परवाह नहीं करती। मगर इस बार प्याज के मामले में फैसला होते ही प्याज किसान सड़कों पर उतर आए। चुनाव के गरमाते सीजन में किसानों के इस गुस्से से सत्ताधारी दल में आशंकाएं पैदा हुईं। तो अब वाणिज्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने किसानों को भरोसा दिया है कि उनके नुकसान की भरपाई की कोशिश में सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी।

यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। असल में सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए। नौ साल पहले जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब एक मूल्य स्थिरता (प्राइस स्टैबलाइजेशन) कोष बनाने का इरादा जताया गया था। उसका मकसद बाजारों में उस कोष के जरिए हस्तक्षेप कर जरूरी चीजों की कीमतों को स्थिरता देना बताया गया था। लेकिन बाद में उस बात को भुला दिया गया।

## विस्तार से संतुलन बनाने की कोशिश,कई देशों के भरोसे को मिलेगा आधार

अमेरिका द्वारा रूस और चीन पर लगाए गए प्रतिबंधों की पृष्ठभूमि में, इन दोनों ही देशों ने ब्रिक्स के विस्तार पर आक्रामक ढंग से जोर दिया। हालांकि भारत ने छह नए देशों के ब्रिक्स में प्रवेश के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति की बात की। नए देशों को शामिल करने के मामले में राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखा गया, जो कि संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र को ब्रिक्स में शामिल करने के फैसले से पता चलता है, क्योंकि ये दोनों ही देश हमारे रणनीतिक सुरक्षा साझेदार हैं।

भारत ने इस मुद्दे पर अपेक्षित सावधानी का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना था कि समूह में शामिल किए गए छह नए देश ब्रिक्स को मजबूती और रफ्तार देंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि दूसरे चार सदस्य देशों, ईरान, सऊदी अरब, अर्जेंटीना और इथियोपिया, के भी भारत से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्रिक्स का विस्तार और इसे आधुनिक रूप देने का फैसला एक संदेश है कि दुनिया की सभी संस्थाओं को चुनौतियों के अनुरूप खुद को लचीला बनाना होगा, और भारत ने ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का हमेशा ही पूर्ण समर्थन किया है। भारत का मानना है कि नए सदस्य ब्रिक्स के उद्देश्यों की पूर्ति के अलावा इस संगठन को मजबूती देंगे। भारत का यह मानना है कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ब्रिक्स का विस्तार अनेक देशों के भरोसे को मजबूत करेगा। नए सदस्य देशों में से ईरान और सऊदी अरब के चूंकि भारत से नजदीकी रिश्ते हैं, ऐसे में, इस विस्तार से समूह में असंतुलन पैदा होने की आशंका



बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ब्रिक्स का विस्तार अनेक देशों के भरोसे को मजबूत करेगा। नए सदस्य देशों में से ईरान और सऊदी अरब के चूंकि भारत से नजदीकी रिश्ते हैं, ऐसे में, इस विस्तार से समूह में असंतुलन पैदा होने की आशंका नहीं है।

नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि विस्तार के बाद ब्रिक्स को वैश्विक शासन को आकार देने और एक ऐसे बहुध्रुवीय विश्व के निर्माण की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें विकासशील और अल्प विकसित देशों की आवाजें वैश्विक एजेंडे के केंद्र में हों। दूसरा, सदस्यों के विविधतापूर्ण हित, उनके साझा हितों में बाधा न बनें। इसलिए द्विपक्षीय विवादों को किनारे रखना जरूरी है। तीसरी बात यह समझने की है कि ब्रिक्स को पश्चिम विरोधी या चीन-रूस समर्थक होने से बचना होगा। चौथी बात यह कि समूह में छह देशों का प्रवेश वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए, इसे अगले स्तर पर ले जाने के प्रयास होने चाहिए। ब्रिक्स अपने समूह की मुद्रा जारी करने पर भी विचार कर सकता है, लेकिन इसके लिए सर्वसम्मति जरूरी है, और, यह कदम पश्चिम और अमेरिका को लक्षित करके न उठाया जा रहा हो। छठी बात यह कि संस्थापक सदस्यों को पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका के नए सदस्यों की पहचान और उनके महत्व का सम्मान करना होगा, ताकि ब्रिक्स में विविधता बनी रहे। सातवीं बात यह कि ब्रिक्स के जरिये भारत को विकासशील देशों की आवाज बनने का मौका मिला है, जो अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में उसकी छवि को ताकतवर बनाएगा। इसके अलावा, भारत की सीमा पार आतंकवाद की समस्या के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग को इस मंच के जरिये उठाया जा सकता है। चीन को भी अपने रवैये में बदलाव लाने के लिए मजबूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि चीन और रूस का गठजोड़ काफी खतरनाक हो सकता है। ईरान और सऊदी अरब के समूह में प्रवेश का श्रेय चीन और रूस को दिया जा रहा है, जिसके पीछे एक अमेरिका और पश्चिम विरोधी गुट बनाने की मंशा छिपी है। ईरान और सऊदी अरब के बीच मध्यस्थता का काम चीन ने किया था, जो कि अमेरिका के लिए अच्छी खबर नहीं थी। यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस को नुकसान हुआ है और चीन पर उसकी निर्भरता बढ़ी है। रूस, दरअसल, क्वाड, जी-7 इत्यादि संगठनों के जरिये भारत और अमेरिका को गलत संकेत भेज रहा है।

सऊदी अरब कच्चे तेल का सबसे बड़ा निर्यातक देश है, जबकि चीन कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक देश रहा है। इसका मतलब यह भी है कि रूस और सऊदी अरब एक नए आर्थिक् गुट में एक-दूसरे से जुड़ेंगे ओर दोनों ही तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक के सदस्य भी हैं। अब अगर ये दोनों देश जुड़ते हैं, तो इससे सऊदी अरब और अमेरिका में मतभेद पैदा हो सकते हैं। फिर, चीन भी उन विभिन्न समूहों की आलोचना करता आया है, जिन्हें अमेरिका ने इसके बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए बनाया है।

केएस तोमर

## मिला जुला

### एक नजर

#### कच्चे माल की लागत से भी सस्ता सामान कैसे भेजते हो? पीयूष गोयल के सवाल पर झेंप गए चीन के मंत्री



नई दिल्ली। भारत और चीन के रिश्तों में तल्खी किसी से छिपी नहीं। सीमावर्ती इलाकों में तनाव के बीच, रस्म अदायगी के लिए कूटनीतिक बातचीत हो रही है। मगर पीछे की कड़वाहट कभी न कभी दिख ही जाती है। दिल?ली में शुक्रवार को एक कार्यक्रम हुआ। G20 देशों के वाणिज्य मंत्रियों का एक पैनल डिस्कशन था। भारत की ओर से कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शिरकत की। वह बहस को मॉडरेट भी कर रहे थे। माहौल गंभीर न होकर, सहज था। इसलिए हल्के-फुल्के अंदाज में सबने बात की। गोयल ने चर्चा के दौरान ऐसी बात कही कि चीनी मंत्री वांग शूवेन बगलें झांकने लगे। केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि आखिर चीन इतना सस्ता माल कैसे सप्लाई करता है।

### पीएम मोदी बोले- भारत संभावनाओं का देश

## मन की बात- 'संकल्प के सूरज चांद पर भी उगते हैं'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। यह मन की बात का 104वां एपिसोड था। पीएम ने अपने संबोधन की शुरुआत चंद्रयान 3 की सफलता के साथ की।

पीएम ने कहा- भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। मिशन चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है, और हर हाल में, जीतना जानता भी है। इसके बाद पीएम मोदी ने जी-20 बैठक का जिक्र किया। उन्होंने कहा- सितंबर का महीना, भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, पर्यटन, डेयरी इंडस्ट्री और हर घर तिरंगा अभियान पर भी बात की।



#### भारत का मिशन चंद्रयान, नारीशक्ति का भी जीवंत उदाहरण

पीएम मोदी शनिवार को बेंगलुरु स्थित इसरो सेंटर पहुंचे और यहां उन्होंने महिला वैज्ञानिकों से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी शनिवार को बेंगलुरु स्थित इसरो सेंटर पहुंचे और यहां उन्होंने महिला वैज्ञानिकों से भी मुलाकात की।

पीएम ने चंद्रयान मिशन को लेकर कहा – साथियों, आपको याद होगा इस बार मैंने लाल किले से कहा है कि हमें महिलाओं के नेतृत्व में डेवलपमेंट को राष्ट्रीय चरित्र के रूप में सशक्त करना है। भारत का मिशन चंद्रयान, नारीशक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। इस पूरे मिशन में अनेकों महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर्स सीधे तौर पर जुड़ी रही हैं। भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। किसी देश की बेटियां जब इतनी आकांक्षी हो जाएं, तो उस देश को विकसित बनने से भला कौन रोक सकता है।

#### पहली बार वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में 26 मेडल जीते, पीएम ने तारीफ की

खेल पर बात करते हुए पीएम ने कहा- कुछ ही दिनों पहले चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए थे। इन खेलों में इस बार भारत का प्रदर्शन अब तक का सबसे अच्छा रहा। हमारे खिलाड़ियों ने कुल 26 पदक जीते, जिनमें से 11 गोल्ड मेडल थे। आपको ये जानकर अच्छा लगेगा कि 1959 से लेकर अब तक जितने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए हैं, उनमें जीते सभी मेडल्स को जोड़ दें तो भी ये संख्या 18 तक ही पहुंचती है। इतने दशकों में सिर्फ 18, जबकि इस बार हमारे खिलाड़ियों ने 26 मेडल जीत लिए।

## चंद्रयान-3 के टच पॉइंट के आसपास घूम रहा प्रज्ञान

**इसरो का नया वीडियो**


**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 का रोवर 'प्रज्ञान' ठीक से काम कर रहा है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें प्रज्ञान रोवर को चंद्रमा की सतह पर लैंडर विक्रम के टचडाउन स्थल 'शिवशक्ति बिंदु' के आसपास घूमते हुए दिखाया गया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसरो ने कहा,



'प्रज्ञान रोवर दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रमा के रहस्यों की खोज में शिवशक्ति प्वाइंट के आसपास घूम रहा है.' यह वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के कुछ घंटों बाद आया है।

### प्रिगोझिन की मौत के बाद पुतिन ने पल्टा पासा, चल दी निजी सेना पर नियंत्रण की चाल; वैगनर सैनिकों को दिया ये आदेश

रूस की निजी सेना वैगनर ग्रुप के चीफ येवगिनी प्रिगोझिन की मौत के बाद अब राष्ट्रपति पुतिन ने बड़ा दांवा खेला है। निजी सेना का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के लिए पुतिन ने वैगनर सेनानियों को



निष्ठा की शपथ पर हस्ताक्षर करने का आदेश दिया दिया है। ऐसा नहीं करने पर वैगनर सेनानियों को पुतिन के कोपभाजन का भी शिकार होना पड़ सकता है। पुतिन ने वैगनर सेनानियों को यह आदेश ऐसे वक्त में दिया है, जब प्रिगोझिन के विमान हादसे को अमेरिकी खुफिया विभाग की रिपोर्ट में हादसा न बताकर निजी जेट को जानबूझकर मार गिराने का आरोप लगाया गया है। मगर क्रेमलिन ने अमेरिका के इस आरोप को तत्काल प्रभाव से खारिज कर दिया था।

### चंद्रयान-3 ने तीन में से दो लक्ष्य किए हासिल, इसरो ने कहा- अब तीसरे पर काम जारी



नई दिल्ली। भारत ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) के चंद्रमा की सतह पर उतरने के साथ ही इतिहास रच दिया. भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया. वहीं चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. साउथ पोल पर विक्रम लैंडर के लैंडिंग के बाद वहां से लगातार तस्वीरें आ रही हैं. इस बीच इसरो ने बताया है कि चंद्रयान-3 ने मिशन के तीन लक्ष्यों में से दो हासिल कर लिए हैं, वहीं तीसरे पर काम जारी है. इसरो ने 'एक्स', जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था पर कहा कि चंद्रयान-3 ने मिशन के 3 लक्ष्यों में से दो को हासिल कर लिया है. पहला मिशन था चंद्रमा की सतह पर सेफ और सॉफ्ट लैंडिंग, दूसरा चंद्रमा पर घूमने वाले रोवर का प्रदर्शन, जो कि पूरा हो गया है और अब तीसरा इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोग अभी जारी है. सभी पेलोड सामान्य रूप से काम कर रहे हैं.

## 2024 लोकसभा चुनाव में 150 नए प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

### दो से ज्यादा बार जीत चुके सांसद संगठन में भेजे जाएंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए



प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी।

भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि पहली लोकसभा में 26त्न सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया। लोकसभा में तीन से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई। इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है।

इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। 80% ऐसे लोगों को मौका मिलेगा जो कानून, चिकित्सा, विज्ञान, कला, आर्थिक मामले, तकनीक, पर्यावरण और भाषा के जानकार हों। दस सीट पर चुनाव हुए तो 2 ही ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जातीय समीकरण या संगठन में योगदान के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे।

### चंद्रयान 3 के लैंडिंग वाली जगह के नाम पर सियासत

## शिवसेना ने छेड़ा नया राग, संजय राउत ने सुझाया नया नाम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित इ्स्त्रह्र के कमांड सेंटर में एलान किया कि जिस जगह चंद्रयान 3 का लैंडर उतरा है, वहां का नाम शिवशक्ति होगा. अब इस पर शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) ने आपत्ति जताई है. शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि इस जगह का नाम विक्रम सारा भाई के नाम पर होना चाहिए था. उन्होंने कहा कि हम भी हिन्दुत्व के पैरोकार हैं लेकिन साइंस के ऊपर किसी धर्म का आचरण ठीक नहीं है. उन्होंने कहा- और



भाजपा कर भी क्या सकती है. मेरे हिसाब से उस स्थान का नाम विक्रम साराभाई के नाम पर होना चाहिए था. आज साराभाई और नेहरू जैसों के कारण हम चांद पर पहुंचे हैं. शिवसेना नेता ने कहा कि विक्रम साराभाई को भारत रत्न देना चाहिए. लेकिन भाजपा को हर चीज में हिन्दुत्व करना है. हम भी हिन्दुत्व के मुरीद हैं लेकिन कुछ चीजें धर्म से उपर होती हैं. साइंस के उपर किसी धर्म का आचरण ठीक नहीं है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिवशक्ति' पॉइंट रखा जाएगा.

# 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर आधुनिक सुविधा युक्त रायगढ़ स्टेडियम की शहर को मिलेगी सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के साथ पूरे शहरवासियों के लिए हमेशा से खेल गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, यहां अभ्यास कर निकले खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनायी है। रोजाना सैकड़ों लोग यहां अपनी सेहत दुरुस्त रखने पहुंचते हैं। वर्षों पुराने स्टेडियम की खूबसूरती एवं यहां लगे उपकरण भी पुराने हो चुके हैं, लिहाजा बदलते दौर के साथ खेल की गतिविधियों के संसाधनों में आए बदलाव के अनुरूप स्टेडियम को तैयार किया जा सके। जिसे देखते हुए स्टेडियम को संवारने और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की पहल कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने की। जिसका शुभारंभ 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन होने जा रहा है। शहर के सबसे बड़े रायगढ़ स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं जल्द देखने को मिलेगी। खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान और कोर्ट को विकसित करने के साथ पहले से



मौजूद सुविधाओं और संसाधनों को अपग्रेड करने का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे शहर और जिले के खिलाड़ी अपने हुनर को और बेहतर तरीके से निखार सकें। कलेक्टर सिन्हा ने सीएसआर के तहत इसकी जिम्मेदारी जिंदल समूह को दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत रायगढ़ स्टेडियम के जिम, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट, स्विमिंग पुल, टेबल टेनिस हाल में सुविधाओं के साथ मुख्य गैलरी और पेवेलियन की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेडियम में संपूर्ण जिम का काया-कल्प किया गया है। जिनमें उपकरणों की व्यवस्था, जिम के फर्श पर मैटिंग का कार्य, रंगाई-पुताई, महिलाओं हेतु पृथक से वॉशरुम व चेंजिंग रुम का निर्माण किया जा रहा है। नए उपकरणों की व्यवस्था के साथ पुराने उपकरणों के मरम्मत का कार्य भी किया गया। पूरे स्टेडियम को करीब 2 करोड़ रुपए की राशि से नए कलेवर में तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें जिम का पूरा हॉल सुधार कर पुराने के स्थान पर नए उपकरण लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेल व फीमेल के सेपरेट चेंजिंग रूम भी रेडी हो चुका है।

टेबल टेनिस हॉल को जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत कर नये स्वरुप प्रदान किया जाना हैं। इसी प्रकार टीटी हॉल में टाईल्स, बाथरूम का जीर्णोद्धार खिड़कियों एवं दरवाजों को सुधारा गया है। साथ ही रायगढ़ स्टेडियम परिसर में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा जिंदल समूह की ओर से 72 फिट ऊंचाई का हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट का निर्माण किया जा चुका है।

### आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित होगा जिम

पूर्व में रायगढ़ स्टेडियम के जिम में काफी पुराने और मैनुअल तरीके के स्ट्रूमेंट उपलब्ध थें, जिसे स्टेडियम के कायाकल्प के साथ इसे भी अब पूरी तरह से चेंज कर दिया गया हैं। वर्तमान में 20 लाख से अधिक के अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधाओं वाला जिम शहरवासियों को मिलेगा।

### वुडन बैडमिंटन कोर्ट भी बेहतर

स्टेडियम में दोनों बैडमिंटन कोर्ट का विश्व स्तरीय वुडन कोर्ट व संपूर्ण हॉल का जीर्णोद्धार किया गया। जिसके तहत वुडन कोर्ट में हाई क्लास 5 एमएम मैटिंग बिछाया गया हैं, सुविधाओं का विस्तार करते हुए हॉल के अंदर वॉशरुम व चेंजिंग रूम, रिसेप्शन कंपार्टमेंट व प्रवेश द्वार की मरम्मत की गई हैं। रायगढ़ स्टेडियम में वर्तमान में एक बास्केट बॉल कोर्ट है। उसके जीर्णोद्धार के साथ ही एक नया बास्केटबाल कोर्ट भी बनाया जा रहा है। जिससे अब गर्ल्स और बॉयज के लिए अलग-अलग बास्केटबाल कोर्ट की सुविधा मिल पाएगी। इसके साथ ही दोनों कोर्ट के बाहर जाली दार फेंसिंग व लाईटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

### स्विमिंगपुल पेवेलियन एवं मुख्य गैलरी में शेड का कार्य जारी

स्विमिंग पुल की साज-सज्जा कर, घास एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य कर लिया गया गया है। वही पुल के चारों और अभिभावकों के बैठने हेतु स्विमिंगपुल के पेवेलियन तथा मुख्य गैलरी में दर्शक दीर्घा के लिए निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।



रायपुर में चोर को पीट-पीटकर मार डाला

# मकान में चोरी करने घुसा था, लोगों ने रस्सी से बांधकर सारी रात पीटा; छह हिरासत में

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक चोर को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला। वह चोरी करने के इरादे से एक मकान में घुसा था। इस दौरान लोगों ने उसे पकड़ लिया और रस्सी से हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। इसके चलते उसे मेकाहारा में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि, मृतक का नाम राजेश रैला है। आरोप है कि वह 25-26 अगस्त की रात चंदखुरी बस्ती निवासी तुलाराम धीवर के घर में चोरी करने घुसा



था। वह मोबाइल चोरी कर भाग रहा था। इसी दौरान परिवार के लोगों की नींद खुल गई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और राजेश को पकड़ लिया। लोगों ने उसके हाथ पैर बांध दिए और बेदम पीटा। थाना प्रभारी रोहित मानेकर ने बताया कि, लोगों ने रात करीब 3 बजे राजेश को चोरी के आरोप में पकड़ा था।

भाजपा के पास न नेता और न नीति

# सैलजा बोलीं- कितने भी घोषणा पत्र ले आएं, फर्क नहीं पड़ता; हमने जो कहा उससे ज्यादा किया

**रायपुर.** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। सैलजा के मुताबिक भाजपा के पास न नेता है और ना नीति, ये नेता विहिन हो चुके हैं। बीजेपी कितने भी घोषणा पत्र ले आए, कोई फर्क नहीं पड़ता।

छत्तीसगढ़ में घोषणा पत्र बनाने के लिए राजनीति पार्टियां पूरी एक्सरसाइज कर रही हैं। बीजेपी जहां सुझाव पेटी के जरिए लोगों



से राय मांग रही है। वहीं कांग्रेस ई-मेल के जरिए सुझाव लेकर घोषणा पत्र तैयार करने में लगी है। लगातार बैठकों का दौर भी जारी है। कांग्रेस में दो दिनों तक घोषणा पत्र को लेकर बैठकें हुई। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा में बहुत अंतर है। छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस की सरकार पर भरोसा है क्योंकि हमने जो कहा भी नहीं उससे कहीं ज्यादा करके दिखाया है। 15 साल इनको मौका मिला लेकिन जनता का विश्वास इनसे उठ चुका है। अब ये चाहे कितनी ही घोषणा कर लें, कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि इनकी आदत ही है, लुभावने सपने दिखाने की।

## एक नजर

### वीआईपी रोड में सामने का चक्का हवा में उठाकर रेसिंग बाइक दौड़ाया, ट्रैफिक एएसपी बोलें-एक्शन लिया है



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सड़कों पर इन दोनों धूम फिल्म की तरह स्टंटबाजी गैंग देखने को मिल रहा है। जो महंगी रेसिंग बाइकों को एक चक्के में रफ्तार से दौड़ाते हुए दिख जाते हैं। हाल ही में एक और वीडियो वायरल हो रहा है,जिसमें महंगी रेसिंग बाइक में कई युवक एयरपोर्ट रोड से गुजरते दिख रहे हैं। इसी बीच एक युवक ने गाड़ी के सामने चक्के को हवा में उठा लिया और तेजी से रेस देते हुए आगे बढ़ गया। इस खतरनाक वीडियो के वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस का दावा है कि इस युवक को समझाइश देकर उस पर चालानी कार्यवाई की गई है। दरअसल वायरल हो रहा है ये वीडियो तेलीबांधा चौक से माना एयरपोर्ट जाने वाले VIP रोड का है। जिसमें करीब आधे दर्जन युवक महंगी स्पोर्ट्स बाइक में दिख रहे हैं। इनमें से ज्यादातर युवकों की बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं है। वे सभी नवा रायपुर की तरफ से आ रहे रहे है। तभी इनमें से एक युवक ने खतरनाक तरीके से बाइक को सामने से उठा लिया। फिर वो तेजी से एक्सीलेटर देते हुए आगे निकल गया। ये स्टंट उसके खुद के अलावा आसपास से गुजर रहे किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।

सट्टेबाजी में मनीलांड्रिंग

# ईडी का पुलिसकर्मियों से 10 घंटे पूछताछ, खाईवाल का बयान भी

**रायपुर.** सट्टेबाजी में मनीलांड्रिंग और हवाला के मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में रायपुर-दुर्ग में पदस्थ चार पुलिस अफसरों से शनिवार को लंबी पूछताछ हुई। सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक उन्हें ईडी दफ्तर में बिठाकर रखा गया। उनसे सट्टेबाजी के नेटवर्क को लेकर लंबी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि गिरोह को पुलिस कैसे संरक्षण दे रही है? इसके एवज में कितना पैसा लिया जाता है?



सट्टे का पैसा किन-किन लोगों को पहुंचाया गया है? उन पैसों को कहां निवेश किया गया? इस बीच खमतराई में जुआ-सट्टा केस में फरार खाईवाल यूसुफ पोट्टी बयान देने ईडी दफ्तर पहुंचा। ईडी ने पिछले हफ्ते उसके घर पर छापा मारा था, उसे 24 अगस्त को बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। वह शनिवार को ईडी के ऑफिस पहुंचा। अफसरों ने उससे लंबी पूछताछ की है। उसके अलावा सट्टेबाजी से जुड़े कुछ अन्य लोगों को बुलाया गया है। दरअसल, ईडी की ओर से शनिवार को 50 से ज्यादा लोगों को समंस जारी किए जाने की चर्चा है। इसमें रायपुर-दुर्ग समेत अन्य शहरों के पुलिस अफसर व उनकी करीबी जवान शामिल हैं। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भी समंस जारी करने की तैयारी है। सबको अलग-अलग दिन बुलाया जा रहा है।

ईडी का दावा है कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने अपने बयान में कहा है कि उसने सट्टे का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह से 65 करोड़ लिए हैं। उसे सिपाही से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं को पहुंचाया है। उसने ईडी को उनके नाम व फोन नंबर दिए हैं। दावा किया गया है कि एएसआई वर्मा ने उन्हें कब-कब ? कितना पैसा दिया है, जिसकी जानकारी दी है। ईडी ने सट्टे के केस में गिरफ्तार वर्मा को रिमांड लेने के दौरान कोर्ट में भी इस बारे जानकारी दी है।

### एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही को समंस जारी

शनिवार को एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही को समंस जारी हुआ था। उनके नाम आरोपी एएसआई चंद्रभूषण और सतीश चंद्राकर ने बताया है। सभी बयान देने पहुंचे थे। चर्चा है कि दुर्ग के जिन सिपाहियों को बुलाया गया है। उनके ऊपर पैनल चलाने का आरोप है। पुलिस वाले खुद सट्टे का पैनल चला रहे थे। रविवार को भी इंस्पेक्टर और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को बुलाया गया है। ईडी की दूसरी टीम उनकी संपत्ति की जानकारी जुटा रही है।

सिंधी समाज ने की रमन सिंह से मुलाकात

# रायपुर उत्तर से सतीश छुगानी को टिकट की मांग



**रायपुर.** सिंधी समाज ने रायपुर में पूर्व सीएम रमन सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ की कम से कम 2 सीटों पर सिंधी समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। भारतीय सिंधू सभा छत्तीसगढ़, लाखेनगर सिंधी पंचायत, शंकर नगर, शांति नगर के साथ ही एक पहल और.. संगठन का प्रतिनिधिमंडल रमन सिंह से मिला।

मुलाकात में लाखेनगर पंचायत के मुखी मन्नूमल और भारतीय सिंधू सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक नैनवानी ने संयुक्त रूप से सिंधी समाज की विचारधारा को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बताया। साथ ही रायपुर उत्तर विधानसभा से पहले भी सिंधी समाज के व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाया जा चुका है जिसे जारी रखने की मांग की गई। समाज के प्रमुखगणों ने वर्तमान स्तिथियों मे नए युवा, पढ़े लिखे, स्वच्छ छवि के चेहरे के रूप में सतीश कन्हैयालाल छुगानी को रायपुर उत्तर से प्रत्याशी बनाने की मांग की है। जिस पर सिंधी समाज के प्रमुख संत नवम ज्योत पीठाधीश्वर परम पूज्यनीय डॉ युद्धिष्ठिर लाल जी ने फोन पर भी रमन सिंह से बात की। सतीश छुगानी को आशीर्वाद देने के साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि सिंधी समाज इस सीट पर तो चुनाव जीतने तन मन धन से भाजपा के पक्ष में कार्य करेगा।

पहले तलवार से काटा केक, अब माफी मांगी

# बदमाशों ने सड़क पर मचाया उत्पात, कहा- डॉन का हैप्पी बर्थडे

**रायपुर.** शुक्रवार रात को कुछ बदमाशों ने रायपुर में जमकर उत्पात मचाया और बीच सड़क पर तलवार से केक भी काटा। यह वीडियो जी ई रोड में राजकुमार कॉलेज के सामने का बताया जा रहा है। बदमाश यह कहते भी सुनाई दे रहे थे कि डॉन का हैप्पी बर्थडे है।

सड़क में कार खड़ी कर केक काटा गया और फिर हथियार लहराते बदमाशों ने डांस भी किया। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनसे हाथ जोड़कर माफी भी मंगवाई है। जानकारी के मुताबिक, वीडियो में दिख रहे युवक कई थानों के निगरानीशुदा



बदमाश हैं। इनके खिलाफ कोतवाली, आजाद चौक, पुरानी बस्ती जैसे थानों में कई मामले दर्ज हैं। ये सभी जिसका बर्थडे मना रहे हैं वो मोहसिन है। उसने ही हाथों में तलवार पकड़कर केक काटा है। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ भी कई थानों में मुकदमें दर्ज है।

# लंपी वायरस ने पसारे पैर सड़कों में घूम रहे मवेशी वायरस से प्रभावित

पशु चिकित्सा विभाग नहीं ले रहा शुध

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** जिले के गोवंश में लंपी वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है जगह-जगह लंबी वायरस से प्रभावित मवेशी सड़क किनारे घूमते दिखाई दे रहे हैं । लंबी वायरस से गोवंश के शरीर में सैकड़ों घाव हो गए हैं लगभग एक साल का समय बीतने के बावजूद पशु चिकित्सा विभाग ने अब तक टीकाकरण का कार्य पूरा नहीं किया है। ऐसे में विभाग से इन मवेशियों के उपचार की अपेक्षा करना बेमानी होगी। लंपी वायरस जिसे लंपी त्वचा रोग वायरस के रूप में भी जाना जाता है। वास्तव में एक प्रकार का प्राक्सवायरस है जिससे गोवंश एवं महिषवंश बुरी तरह संक्रमित हो जाते हैं



इस बीमारी से मवेशियों के शरीर में गांठ बन जाती है जो बाद में घाव का रूप ले लेती है यह घाव मवेशी के पूरे शरीर में काफी तेजी से फैलता है। मतलब एक जानवर के शरीर में सैकड़ों घाव बन जाते हैं जिससे मवेशी को बुखार आ जाता है, भूख नहीं लगती, नाक बहने लगती है, आंख से पानी आने लगता है, इससे संक्रमित जानवर की सही उपचार न मिलने से मौत भी हो सकती है। लंबी वायरस से प्रभावित जानवरों की मौत होने की दशा में सरकारी मुआवजे का प्रावधान भी नहीं है जिले के तीनों विकासखंड में इन दिनों लंपी वायरस से प्रभावित मवेशी सड़क में ही देखे जा सकते हैं। खासकर मरवाही ब्लॉक के धनपुर धोबहर सिलपहरी में, पेंड्रा में पेंड्रा शहर के आसपास के गांव , गौरेला विकासखंड के कई गांव में लंपी वायरस से मवेशियों की मौत भी हुई है, पशुपालक मवेशियों में लंबी वायरस का प्रकोप देखकर काफी चिंतित और परेशान है पर उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। एक वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में लंपी वायरस का मामला सामने आने के बाद से पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग ने एहतियातन कदम उठाने के साथ इस रोग से बचने के लिए जमीनी अमले को बड़े पैमाने पर टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया था। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में लगभग 190000 मवेशी हैं पर बीते एक साल में पशु चिकित्सा विभाग ने सिर्फ 150000 मवेशियों का ही टीकाकरण पूर्ण किया है। बीमारी को देखकर पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अपना ही तर्क देते हैं पर पशु चिकित्सा विभाग की लचर व्यवस्था का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि बीते एक साल में टीकाकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य को भी विभाग पूर्ण नहीं कर सका।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के चौथे चरण की शुरूआत 27 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीन चरण की प्रतियोगिता के समापन के उपरांत अब जिला स्तर पर यह स्पर्धा आयोजित होगी। 27 अगस्त से शुरू होने वाली चौथे चरण की इस प्रतियोगिता का समापन 04 सितंबर का होगा। जिला स्तरीय प्रत्येक खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



# नीट टॉप-10 में आने वाले किसी छात्र ने नहीं लिया सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन

**रायपुर.** नीट टॉप 10 में आने वाले प्रदेश के किसी भी छात्र ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश नहीं लिया है। पिछले 10 सालों का ट्रेंड देखें तो नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में 3 से 4 टॉपर एडमिशन लेते रहे हैं। इस पर ट्रेंड बिल्कुल बदल गया है। विशेषज्ञों के अनुसार हालांकि इसका प्रदेश या छात्रों को कोई नुकसान नहीं है। बल्कि टॉपरों के एडमिशन नहीं लेने के कारण इसके नीचे रैंक वाले छात्रों को प्रवेश का मौका मिला है। जो टॉपर सरकारी कॉलेजों में एडमिशन नहीं लिए




हैं, वे एम्स रायपुर, नागपुर समेत दूसरे एम्स में प्रवेश लिए हैं। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का पहला राउंड पूरा हो गया है।

# छत्तीसगढ़ में बारिश पर ब्रेक, गर्मी बढ़ी

**रायपुर .** छत्तीसगढ़ के मौसम में एक बार फिर से कई तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कहीं बारिश तो कई जगहों में उमस के हालात हैं। शनिवार को राजधानी रायपुर में दिनभर तेज धूप रही और उमस ने लोगों को परेशान किया, यही हाल दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कई जिलों का रहा। जबकि बस्तर के कई जिलों में दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। बस्तर के बीजापुर, दंतेवाड़ा, गरियाबंद, कोंडागांव, नारायणपुर और सुकमा में बारिश हुई है।

# छत्तीसगढ़ आप प्रभारी ने ली बैठक- चुनावों को लेकर ग्राउंड रिपोर्ट पर बात

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी भी लगातार बैठकें कर रही है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के आप प्रभारी संजीव झा भी रायपुर पहुंचे। जहां उन्होंने नेताओं से पार्टी के कामों को लेकर ग्राउंड रिपोर्ट पर बात की। इसके अलावा उन्होंने आप के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई रणनीतियां भी बनाई। इस



बैठक में प्रभारी झा ने विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही आप की ग्राउंड लेवल की रणनीतियों पर पार्टी के नेताओं से चर्चा की।

# ऐसा कोई सगा नहीं जिसे रमन सिंह ने ठगा नहीं-भूपेश बघेल

## केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ मे गरीबी हुई कम

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।






जिले में आज संकल्प शिविर का आयोजन कसडोल विधानसभा, बलौदाबाजार विधानसभा तथा भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का था जिसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज प्रभारी मंत्री उमेश पटेल का दौरा जिले में रहा जहां पर आज संकल्प शिविर का आयोजन में लाखों लोगों ने संकल्प लेते हुए कहा कि हम इस बार पुनः कांग्रेस सरकार को जिताऐंगें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मंडी प्रांगण में आज संकल्प शिविर आयोजन में कहा कि 15 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही मगर वहां 15 सीट पर ही सिमट कर रह गई और 68 सीट कांग्रेस की रही कांग्रेस सरकार ने जब से पद संभाला बस्तर से सरगुजा तक की सफर तय की और किसानों का कर्ज माफ बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता तथा इमली महुआ चौरा है जिनकी रेट में बढ़ोतरी किए यही कांग्रेस की सरकार है। बस्तर छत्तीसगढ़ की अमूल्य धरोहर है और छत्तीसगढ़ आदिवासियों का राज्य कहा जाता है और वह मुख्य रूप से बस्तर के क्षेत्र में आता है और कांग्रेस सरकार ने जो2500 रूपए में धान खरीदे, किसानों का कर्ज माफ जो वादे किए थे उसे भी पूरा किया और आज बोनस का पैसा उसे भी खाते में डाला जा रहा है कांग्रेस की सरकार जब से आई है तब से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है स्व सहायता समूह के माध्यम से गोबर खरीदी और उनके खाते पर पैसा जा रहा है आज कोई भी युवाओं,महिलाएं और किसान सभी कांग्रेस के कार्य प्रणाली से बहुत ही खुश नजर आ रहे हैं बस्तर में जहां लोग जाना नहीं चाहते थे जहां पर आतंकियों का डेरा था मगर आज बस्तर में शांति है दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि रमन सिंह के सरकार के समय में जूता, टिफिन, मोबाइल, नान घोटाला,इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला,चिटफंड जैसे मामले

ऐसे कई तरह का कारनामा निकलकर सामने आया और आज कांग्रेसी सरकार ने अपने इतने छोटे कार्यकाल में जिसमें कोरोना जैसी वैश्विक महामारी भी आई उसे भी पार करते हुए छत्तीसगढ़ में जितने भी समय मिले उसमें भरपूर कार्य किया और विकास की गति को आगे बढ़ाए।

### *नफरत की बाजार में मोहब्बत का दुकान खोलेंगे--मुख्यमंत्री

संकल्प शिविर का आयोजन जो पूरे तीनों विधानसभा में हुआ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यरूप से रहे और मंच से सभी को उद्बोधन करते हुए कहा कि 15 साल से जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी उसने जमकर किसान,बेरोजगार और आदिवासी लोगों से छलावा किया अपने चुनावी के अंतिम छोर के समय में राशन कार्ड भी बनवाए और बाद में कटौती के लिए भी हुए आतुर, 15 साल में 98 करोड़ बेरोजगारी भत्ता का घोटाला 36 करोड़ का चावल घोटाला किसान लोगों के लिए कई तरह के पैसे का घोटाला आदिवासियों के साथ छलावा यहां तक की जिस किसानो को अच्छी नस्ल की गाय मिलनी थी उसका भी पैसा डकार गए और ऐसा कोई सगा नहीं जिसे रमन सिंह ने ठगा नहीं। दवाई में ठगा, किसान भाइयों को बोनस के नाम पर ठगा, नसबंदी में ठगा,यहां तक के आंख फोड़वा जैसे बीमारियों के नाम पर भी कई बंदर बांट के किस्से सामने आए, साइकिल,पुस्तक, टिफिन, मोबाइल बांटे इन सब में भी घोटाला जो सामने नजर आए। खदान शराब फैक्ट्री कोयला लोहा सीमेंट रेलवे और एयरपोर्ट के नाम से भी जमकर छत्तीसगढ़ वासियों को छलावा किया यहां तक की शिवरतन शर्मा जो भी भाटापारा विधानसभा के विधायक है जब वह खनिज विभाग में अध्यक्ष पद पर रहे तब अडानी को कोयला खदान भी देने की बात भी सामने आ रही थी जिस पर छत्तीसगढ़ वासियों ने विरोध जताया और आज केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार जो छत्तीसगढ़ में रहने वाले लोग जो गरीबी रेखा से नीचे थे आज वह लाखों की संख्या में है जो गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं और 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी छत्तीसगढ़ में हुई, राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ अभी तक किसानों को मिल रहा है यहां तक की कोरोना काल में भी यह योजना बंद नहीं किया गया और इस बार तो 20 क्विंटल धान खरीदी होगी उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहीं। तथा अंत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां भी कहा कि छत्तीसगढ़ की जमीन किसी नामी गिरामी टाटा या अडानी जैसे लोगों को नहीं दी जाएगी और हमने जब सरकार पद पर सम्भाला तब से हम खड़े हुए हैं और हम यहां का व्यापार व्यवसाय संस्कृति धरोहर सभी को देखते हुए चल रहे हैं और जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीते समय में लोहाड़ीगुड़ा में टाटा ने जो जमीन ली थी उसे हमने किसानों को वापस कराया जिससे आज उनके चेहरे पर खुशी है रौनक है उत्साह है और इस बार पुनः कांग्रेस की सरकार बरकरार रहेगी। मुख्यमंत्री ने अंत में वक्तव्य में कहा कि छत्तीसगढ़ में रहने वाले हर युवा आज जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में अपने शासनकाल में क्या-क्या किया क्या-क्या योजनाएं लाई और अब क्या कर रहे हैं किसानों के लिए समूह के लिए महिलाओं के लिए बेरोजगारों के लिए आदिवासियों के लिए क्या-क्या किया वहां सामने दिखाई दे रहा है और इस बार सरकार बरकरार रहेगी तो वास्तव में छत्तीसगढ़ को हम एक अच्छा राज्य कहेंगे और अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में हर तरह के व्यापार व्यवसाय बढ़े हैं और सबसे ज्यादा जीएसटी छत्तीसगढ़ से जाता है क्योंकि यहां पहले लोग निम्न स्तर पर थे मगर आज उच्च स्तर पर हो गए हैं सभी के घरों में लगभग मोटरसाइकिल कर मोटर अच्छे-अच्छे कपड़े और कई तरह के कारोबार लघु उद्योग से लेकर कई तरह के उद्योग भी देखे जा रहे हैं और छत्तीसगढ़ में तरक्की हुई है और यह आगे बरकरार रहेगी और सबके सामने भूपेश बघेल खड़ा हुआ है इसीलिए केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी कुछ नहीं कर पा रही है और लगातार छत्तीसगढ़ में ईडी और आईटी का छापा मरवा रही है मगर हम डरने वाले नहीं है जिसने भ्रष्टाचार किया वह जाने जिसे घोटाला किया वह जाने और जो घोटाला करके बैठ गए उनके ऊपर क्यों ईडी का छापा नहीं मार रही है और दो दिन पूर्व ही में हमने प्रधानमंत्री के नाम पर एक पत्र लिखा था जिसमें यह दावा किया है कि रमन सिंह की सरकार में जब भाजपा सरकार द्वारा राज्य में खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित किए जाने के बावजूद प्रदेश में 15 लाख से अधिक परिवारों के पास आज के दिनांक में शौचालय नहीं है इस गड़बड़ झाले की जांच करने की मांग की है तथा शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि 12000 रूपए से बढ़ाकर 30000 हजार रूपए कराने का भी अनुरोध किया है।

## एक नजर

### तलवार से काट रहा था केक, बर्थडे ब्वॉय सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर ।** बीती रात आजाद चौक थाना क्षेत्र के राजकुमार कॉलेज के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा आम रोड में अपनी चारपहिया वाहन पर केक रखकर एक व्यक्ति जिसका जन्मदिन था वह तलवार से केक काट रहा था तथा अन्य व्यक्ति भी अपने हाथों में तलवार लेकर लहराते हुए अनैतिक भाषाओं का प्रयोग कर डांस कर रहें थे जिसका विडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि वीडियो वायरल होने के बाद एन्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम ने विडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए आरोपी मोहसीन खान 30 वर्ष निवासी ईदगाहभाठा, शेख मुख्तार उर्फ लल्लू पठान 38 वर्ष निवासी कैलाशपुरी, सोनू उर्फ मोहम्मद आदिल 30 वर्ष निवासी राजातालाब, निजामुद्दीन उर्फ युसुफ 38 वर्ष निवासी ईदगाहभाठा एवं सैय्यद इमरोज अली उर्फ पीला 30 वर्ष निवासी राजातालाब को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार एवं चारपहिया वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 283, 34 एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बताया जाता है कि सभी आरोपी आदतन अपराधिक प्रवृत्ति के है, जो पूर्व में भी अनेकों प्रकरणों में जेल जा चुके है।

### घर में अकेली पाकर महिला से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी-रायपुर ।** घर में अकेली महिला को देखकर जबरदस्ती अनाचार करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिरेझर पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक महिला ने बिरेझर चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25-08-23 को घर में अकेली थी। उसी समय आरोपी ओमकार साहू घर में जबरदस्ती घुसकर प्रार्थिया से शारीरिक संबंध बनाया गया एवं यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया था। प्रार्थिया शिकायर्त पर आरोपी ओमकार साहू के कृत्य अपराध क्र.536/23 धारा 450,376, 506 भादवि0 का घटित करना पाये जाने से अपराध धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा महिला संबंधी मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी.कुरूद कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में चौकी बिरेझर प्रभारी उनि0उमाकांत तिवारी एवं टीम द्वारा आरोपी कि त्वरित पतासाजी कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

# अज्ञात चोरों ने हायर सेकेण्डरी लिपिक के घर में पांच लाख के जेवरात समेत नकदी किया पार

## एक माह में तीसरी बड़ी चोरी की वारदात जांच में जुटी पुलिस



**जीपीएम ।** जीपीएम जिले के मरवाही थाना क्षेत्र में दानीकुंडी गांव अज्ञात चोर गिरोह ने दीवार फांदकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने करीब पांच लाख के जेवरात समेत नगदी की चोरी की है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मुख्य मार्ग पर स्थित गांव दानीकुंडी जहां पिछले एक महीने से तीन बड़ी चोरी की घटना हुई है। वहीं, एक बार फिर हायर सेकेंडरी स्कूल बंसीताल में लिपिक पद पर पदस्थ फिरोज अली के घर देर रात करीब चार-पांच चोर गिरोह के सदस्यों ने धावा बोल दिया। जहां परिवार के नौ सदस्य घर पर ही सोए हुए थे, चोर गिरोह के सदस्यों ने घर के पीछे की दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। फिरोज अली का परिवार जहां सोया हुआ था घर में रखी अलमारी की चाबी सामने पाकर अलमारी खोलकर अलमारी में रखे जेवरात एवं नगदी को चोरी कर ले गए। सुबह उठने पर जैसे ही परिवार के सदस्यों ने देखा घर के सामान अस्त-व्यस्त पड़े हुए हैं तो उन्हें जानकारी लगी कि घर में चोरी की घटना हुई है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। हालांकि, जानकारी के अनुसार मरवाही थाना क्षेत्र इलाके में पिछले एक माह में तीसरी बड़ी चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## रायगढ़ विकासखंड के 225 शासकीय शालाओं से 229 शिक्षकों की रही उपस्थिति


जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।



समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कक्षा पहली से लेकर बारहवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय नटवर स्कूल में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, एपीसी भूपेन्द्र पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जटवार के मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण, दिव्यांग बच्चों की संस्था में पहचान के लिए प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन तथा प्रयोग, दिव्यांग बच्चों के लाभ हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के विषय में दिया जा रहा है। रायगढ़ विकासखंड के 225 शासकीय शालाओं से कुल 229 शिक्षकों के समक्ष आयोजित इस प्रशिक्षण का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा राज्यगीत के गायन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में मनोज अग्रवाल बीआरसीसी रायगढ़ द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा उपयोगिता के संबंध में संक्षिप्त संबोधन दिया गया। प्रशिक्षण के मास्टर्स ट्रेनर्स सुमित्रा चंद्रा के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता, पालकों तथा शिक्षकों का इन बच्चों के प्रति व्यवहार, बच्चों के चिन्हांकन आदि विषय के बारे में सवाल-जवाब तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। दीपक रात्रे स्पेशल एजुकेटर द्वारा इन बच्चों हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा बच्चों के अधिकार के संबंध में अवगत कराया गया। प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन उसके प्रयोग आदि के विषय में मास्टर ट्रेनर खगैश्वर साहू, सौरभ पटेल के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों की उपस्थिति क्यू आर कोड के माध्यम से लेकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण का सफल संचालन श्री राजकमल पटेल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में श्री सतीश गौतम, विकास पटेल, रविंद्र पटेल, खगेश्वर साहू, ईश्वर पटेल, सूरज कश्यप, पार्वती यादव, इंदु यादव एवं छंदनू राम का विशेष सहयोग रहा।



# भारतीय जनता पार्टी मंडल बारियों के कार्यकर्ताओं को चुनाव में कार्य करने की दी गई मंत्र



जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

भारतीय जनता पार्टी राष्टीय एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सामरी विधानसभा में संगठन को मजबूत करने प्रवासी झारखंड राज्य कांके विधानसभा सीट से भाजपा विधायक समरी लाल जी के मुख्य अतिथि में कुसमी मंडल कार्य समिति की बैठक लेकर चुनाव में एक जूटता बनाकर जीतने का मंत्र दिया गया । सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी छायाचित्र पर पुष्पदीप अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने माननीय अतिथियों का पुष्प हार पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष पलक सचिव बीएलए 2 मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपायों की उपस्थिति को देखते सभी अतिथियों ने कमल फूल चिन्ह को अपना प्रत्याशी मानकर पूरी एकजुट से कार्य करने और अपने प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने का दिया गया । कार्यक्रम को झारखंड के विधायक समरी लाल जी ने संबोधित करते हुए कहा की आगामी चुनाव में हर बूथ को मजबूत करने और जीतने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया , साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर काम करने का लक्ष्य और बूथ और शक्तिकेंद्र को मजबूत करने को कहाँ गया । कार्यक्रम को स्थानीय ज़िला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह के द्वारा भी संबोधित गया साथ लगभग 20 की संख्या में युवाओं को श्रीफल और माला पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया गया ।

# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लग्जरी कारों से शराब तस्करी करने वाले आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के मार्गदर्शन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।



इसी क्रम में दिनांक 26 अगस्त 2023 को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि 26-27 अगस्त 2023 की दरम्यानी रात में कुछ बड़े एवं शातिर शराब तस्कर लग्जरी कारों के माध्यम से जिले के पलारी, लवन क्षेत्र होते हुए भारी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब की तस्करी करने वाले हैं। साथ ही सूचना में यह भी बात पता चली कि यह शराब तस्कर बहुत ही खतरनाक किस्म के हैं। वाहन का पीछा करने पर या रूकवाने पर वाहन सीधा किसी भी आदमी के ऊपर चढ़ा देने में भी यह शराब तस्कर थोडा भी नही हिचकते एवं बहुत ही तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर विभिन्न इलाकों में एमपी शराब की तस्करी करने में माहिर है। इस शराब तस्करी को रोकना तो महत्वपूर्ण था ही साथ ही कार्यवाही में लगे पुलिस टीम की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा था। *उक्त सूचना पर थाना लवन एवं पलारी की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा दो अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी किया गया। टीम थाना लवन थाना लवन से थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा के नेतृत्व में प्र.आर. भारत भूषण पठारी, धनंजय यादव, अजय अंचल, परमानंद रथ, आरक्षक अजय बंजारे, भूपेंद्र गुप्ता, रवि सिदार, दिनेश साहु, सुरज बंजारे एवं बहुर सिंह की टीम द्वारा ग्राम अमलकुंडा के पास नाकाबंदी* किया गया। पुलिस टीम द्वारा इन तस्करों की चालाकी से वाकिफ होते हुए नाकाबंदी करने के लिए लकड़ी के बड़े-बड़े गोलों को उपयोग में लाया गया। जैसे ही तेज रफ्तार Re&ton कार क्र. MP33 MB 0033 आगे बढ़ रही थी वैसे ही पुलिस टीम द्वारा बहुत ही सूझबूझ का परिचय देते हुए लकड़ी के बड़े गोलों को वाहन के सामने रख दिया गया, जिससे तस्करों को अपना कार मजबूरन रोकना पड़ा। इस दौरान कार में बैठा हुआ एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। तत्पश्चात लवन पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार को घेरकर शराब तस्करों को तत्काल अभिरक्षा में लिया गया। कार की चालक सीट में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम आनंद केरकेट्टा तथा उसकी बगल में बैठा हुआ व्यक्ति ने अपना नाम रोशन साहू दोनों निवासी जिला दुर्ग बताया। *इस दौरान पुलिस टीम द्वारा Re&ton कार क्र. MP 33 MB 0033 को अपने कब्जे में लेकर सुक्ष्मतापूर्वक कार का निरीक्षण किया गया, जिसमें पुलिस टीम को कार में कुल 47 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब प्रत्येक में 50 पाव कुल 423 लीटर मिला, जिसे कार सहित विधिवत जप्त किया गया है।* जप्त शराब का बाजार मूल्य ?2,58,500 है। पुलिस द्वारा कार के माध्यम से शराब की तस्करी करने वाले दोनों आरोपियों को धारा 34(02),36,59(क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। टीम थाना पलारी सूचना मिला कि 02 व्यक्ति एक सफेद रंग की एक्सप्रेसो कार में भारी मात्रा में शराब लेकर मध्य प्रदेश से बलौदाबाजार होते हुए रायपुर तरफ जाने वाले* है। कि सूचना पर *थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में थाना पलारी से सउनि संजीव सिंह, प्र.आर. राजकुमार ठाकुर, कमल कैवर्त्य, रोहित सिंह, आरक्षक डेनसिंग नेताम, विक्की वर्मा, जियन वर्मा, दीपक साहू, कृष्ण कुमार यादव, रूपेश बघेल की टीम द्वारा ग्राम अमेरा मेन रोड पर घेराबंदी किया* गया। कुछ देर बाद बलौदाबाजार तरफ से एक सफेद रंग की कार क्र. छ्त्र07 छ्छ 7005 आते दिखी, जिसे रोककर पुछताछ किया गया। उक्त वाहन के चालक ने अपना नाम सुरजीत सिंह एवं कार में बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विवेक कुरवे बताया। कार की तलाशी लेने पर *कार के अंदर 35 पेटियो में कुल 315 लीटर, जिसमें फार सेल इन मध्य प्रदेश ओनली लिखा कीमती ?1,92,500 मिला जिसे विधिवत जप्त* किया गया है। सांथ ही कार्यवाही में *अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्सप्रेसो कार क्रमांक CG07 CD 7005 एवं दो नग ओप्पो एवं मैजीक एक्स कम्पनी का मोबाईल फोन समक्ष गवाहन जप्त कर* दोनों आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## फिल्म जवान का प्रोमो वीडियो जारी, शाहरुख खान के दिखे अनेक चेहरे



शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद फिल्म पठान के जरिए वापसी कर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। यही वजह है कि उनकी आने वाली फिल्म जवान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब इस बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें शाहरुख के अनेक चेहरे देखने को मिल रहे हैं।गौरतलब है कि जवान का ट्रेलर बहुत जल्द जारी किया जाएगा। शाहरुख ने एक्स पर जवान का प्रोमो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ये तो शुरुआत है। न्याय के अनेक चेहरे। ये तीर है... अभी ढाल बाकी है... ये अंत है अभी काल बाकी है...ये मांगता है मौत से कुछ...अभी जवाब बाकी है।



## स्पाई-यूनिवर्स की जासूसी फिल्म में आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी शारवरी वाघ

बंटी और बबली 2 से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री शरवरी, आलिया भट्ट के साथ स्पाई-यूनिवर्स की फिल्?म में शामिल हो गई हैं। इस फिल्?म की शूटिंग 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। यह स्पाई-यूनिवर्स की एक जासूसी फिल्?म होगी। स्पाई-यूनिवर्स में वॉर, टाइगर फ्रेंचाइजी और पठान जैसी फिल्में शामिल हैं। आदित्य चोपड़ा इस फिल्म के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं जो स्पाई-यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। एक सूत्र ने खुलासा किया, अभिनेत्री शारवरी वाघ एक ऐसी शख्स हैं, जिनके बारे में इंडस्ट्री को लगता है कि वह उभरती हुई स्टार हैं। उन्हें आदित्य चोपड़ा ने आलिया भट्ट के साथ अपनी स्पाई-यूनिवर्स फिल्म में नायिका के रूप में चुना है, इससे पता चलता है कि शरवरी अपनी पीढ़ी की बाकी अभिनेत्रियों से कहीं ऊपर हैं। सूत्र ने कहा, वाईआरएफ का यह कदम शानदार ढंग से उन्हें एक युवा अभिनेत्री के रूप में स्थापित करता है, जो भारतीय फिल्म उद्योग में प्रसिद्धि पाने के लिए तैयार है। उनके जैसे किसी व्यक्ति को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश करते हुए देखना काफी रोमांचक है, जिसमें केवल सुपरस्टार्स को ही भूमिकाएं दी गई हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा आईपी है, जिसमें सबसे बड़े सुपरस्टार इस फ्रेंचाइजी के लिए बोर्ड पर आ रहे हैं। यूनिवर्स की शुरुआत 2012 में एक था टाइगर से शुरू हुई। इसकी यात्रा ब्लॉकबस्टर फिल्मों से भरी रही है। टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। आलिया और शरवरी की अभी तक शीर्षकहीन फिल्म 2024 में फ्लोर पर जाएगी जो वर्तमान में विकास और प्री-प्रोडक्शन चरण में है। स्पाई-यूनिवर्स की लेटेस्ट पेशकश सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर 3 है जो इस दिवाली रिलीज होने वाली है। ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी के साथ वॉर 2 नवंबर में फ्लोर पर जाएगी।

## सिंपल साड़ी पहन रकुल प्रीत ने मिलियन डॉलर स्माइल देकर लूटी लाइमलाइट

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का दिल मचल देती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करने में लगी हुई हैं। हालांकि वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो कुछ ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट पर सादगी भरे अंदाज से तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन तस्वीरों में रेड कलर की साड़ी के साथ गोल्डन ब्लाउज पहना हुआ है। कानों में इयररिंग्स, बालों का बन बनाकर और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं रकुल प्रीत सिंह ने प्यारी सी स्माइल देते हुए अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिए हैं। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया लवर हैं। एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 23.3 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।



## द फ्रीलांसर में अपने नेगेटिव किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं नवनीत मलिक



लव हॉस्टल और हीरोपंती 2 में अपनी एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले एक्टर नवनीत मलिक एक रोमांचक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले हैं।

एक्टर फिल्म निर्माता नीरज पांडे की अपकमिंग सीरीज द फ्रीलांसर में नेगेटिव किरदार निभाते नजर आएंगे। नवनीत पहली बार स्क्रीन पर नेगेटिव किरदार निभा रहे हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा: द फ्रीलांसर में, मैं मोहसिन का किरदार निभा रहा हूं, जो आलिया का पति है। दोनों प्यार में डूबे कपल है, लेकिन उनके खुशहाल जीवन में एक खतरनाक मोड़ आता है, जो सीरीज की कहानी में ट्विस्ट लाने का काम करता है। मैं एक ग्रे किरदार निभा रहा हूं, जिसका मतलब है कि दर्शकों को मोहसिन के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखने को मिलेंगे।

शो का हिस्सा बनने के अपने फैसले पर, नवनीत ने कहा, जब मुझे पता चला कि इस सीरीज को नीरज पांडे सर बना रहे है, तो मैं बहुत खुश हुआ और जानता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। और जब मुझे अपने किरदार के बारे में पता चला, ऐसा लगा जैसे यह मेरे लिए ही बनाया गया हो।

## विक्रांत मैसी की 12वीं फेल का टीजर जारी, 27 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म




विक्रांत मैसी जल्द ही फिल्म 12वीं फेल में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा पर आधारित है। अब निर्माताओं ने 12वीं फेल का टीजर जारी कर दिया है। यह फिल्म अनुराग पाठक के इसी नाम से आए लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। 12वीं फेल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी ज्यादातर शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर में हुई है, जहां से मनोज शर्मा ने यूपीएससी की पढ़ाई की थी। विक्रांत ने 12वीं फेल का टीजर साझा करते हुए लिखा, जबान चलाना शुरू कहां की अब तक- चंबल का हूं, समझा? 12वीं फेल का अनुभव, अनुराग पाठक की बेस्टसेलर से प्रेरित। यूपीएससी छात्रों के जीवन और संघर्ष को दिखाती एक फिल्म। सच्ची कहानी पर आधारित, वास्तविक छात्रों के साथ वास्तविक स्थानों पर फिल्माई गई, धैर्य, अखंडता और दृढ़ संकल्प की यह गाथा दस लाख भारतीयों की सच्चाई को दर्शाती है।फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी।

## बॉक्स ऑफिस पर अब थमने लगी गदर 2 की रफ्तार, ओएमजी 2 का भी हुआ बुरा हाल



दो हफ्ते पहले, 11 अगस्त को सनी देओल, अमीषा पटेल स्टारर पीरियड एक्शन ड्रामा 'गदर 2' और अक्षय कुमार की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ओएमजी 2' रिलीज हुई थी. दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया है. हालांकि 'ओएमजी 2' के मुकाबले सनी देओल की 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर तूफानी रफ्तार से कमाई कर रही है. वहीं दोनों फिल्मों को रिलीज हुए दो हफ्ते हो चुके हैं लेकिन टिकट खिड़की पर इनकी स्पीड कम होती नजर नहीं आ रही हैं. जहां अब 'गदर 2' 500 करोड़ के टारगेट की ओर बढ़ रही है तो वहीं 'ओएमजी 2' 150 करोड़ के क्लब में शामिल होने की पूरी कोशिश कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' और ओएमजी 2 ने रिलीज के 14वें दिन कितनी कमाई की है? 'गदर 2' सनी देओल और अमीषा पटेल की साल 2001 में आई फिल्म गदर एक प्रेमकथा की सिक्वल है. अपने पहले पार्ट की तरह ही 'गदर 2' को भी दर्शकों ने खूब प्यार दिया, लगभग 22 साल बाद पर्दे पर तारा और सकीना को देख फैंस फूले नहीं समा रहे हैं और फिल्म की रिलीज के दो हफ्ते बाद ही इसे सिनेमाघरों में खूब ऑडियंस मिल रही है. इसी के साथ 'गदर 2' जमकर कमाई भी कर रही है. वहीं अब 'गदर 2' की रिलीज के दूसरे गुरुवार यानी 14वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 'गदर 2' ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 8.20 करोड़ रुपयों की कमाई की है।

# खेल



बर्मिंघम भारत की विमेंस टीम ने बारिश से बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए फाइनल में भारत की विमेंस टीम ने बारिश से बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन बनाए और फिर भारत ने 3.3 ओवर में 42 रन बनाकर जीत हासिल कर लिया।

IBSA वर्ल्ड गेम्स 2023...ब्लाइंड क्रिकेट फाइनल

## भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर गोल्ड जीता, भारतीय मेंस टीम पाकिस्तान से हारी

IBSA वर्ल्ड गेम्स में भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से ही हुआ, जिसमें कंगारू टीम को 8 विकेट से हार मिली। इसके बाद भारत ने इंग्लैंड को हराय। तीसरा और फाइनल मैच फिर ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया। इसमें भी भारत को जीत मिली।



दूसरी ओर भारतीय मेंस ब्लाइंड क्रिकेट टीम को शनिवार को बर्मिंघम में IBSA वर्ल्ड गेम्स-2023 के फाइनल मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने भारत को 8 विकेट से हराकर गोल्ड जीता। यह मुकाबला भी एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 184 रन बनाए और पाकिस्तान को 185 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम ने दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

IBSA वर्ल्ड गेम्स में पहली बार क्रिकेट शामिल किया गया।

इस वर्ल्ड गेम्स 18 से 27 अगस्त तक इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 70 देशों के 1250 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लिए। वर्ल्ड गेम्स 2023 में इस बार पावरलिफ्टिंग, जूडो, गोलबॉल, फुटबॉल, शतरंज, टेनपिन बॉलिंग, शूटिंग, शोडाउन, तीरंदाजी, टेनिस और ब्लाइंड क्रिकेट शामिल हुए।

IBSA वर्ल्ड गेम्स (जो वर्ल्ड ब्लाइंड गेम्स की नाम से भी जाना जाता है) एक इंटरनेशनल मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट है। पहले इसे IBSA वर्ल्ड चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जो हर चार साल में होता है। इसका आयोजन इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (IBSA) द्वारा किया जाता है। IBSA वर्ल्ड गेम्स का यह सातवां एडिशन है। पहला आयोजन 1998 में मैड्रिड, स्पेन में हुआ था। इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (IBSA) एक नॉन-प्रॉफिट आर्गेनाईजेशन है जिसकी स्थापना 1981 में पेरिस, फ्रांस में हुई थी। IBSA को पहले इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नाम से जाना जाता था।

### एक नजर

*भारतीय मेंस 4×400 मीटर रिले टीम ने एशियन रिकॉर्ड तोड़ा*

## पहली बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

भारतीय मेंस 4×400 मीटर रिले टीम ने बुडापेस्ट में जारी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में इवेंट की हीट में 2 मिनट 59.05 सेकंड का समय लेकर एशियन रिकॉर्ड तोड़ दिया।




भारतीय टीम ने 9 टीमों के बीच हुई हीट में फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। मेंस 4×400 मीटर रिले का फाइनल आज यानी 27 अगस्त को देर रात 1 बजे खेला जाएगा।

टीम ने एशियन से साथ ही नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़ा। 2020 ओलंपिक में मोहम्मद अनस, नूह निर्मल टॉम, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब ने 3ः00.25 नेशनल रिकॉर्ड बनाया था।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 से 27 अगस्त तक हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित की जा रही है।

### पिछला एशियन रिकॉर्ड 2:59.51 सेकेंड का था

मेंस की 4×400 मीटर रिले में भारतीय टीम ने एशियन रिकॉर्ड के साथ-साथ नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़ा। पिछले एशियन रिकॉर्ड 2ः59.51 सेकेंड का का था जो जापान ने पिछले साल ओरेगॉन में बनाया था। वहीं पिछला नेशनल रिकॉर्ड टोक्यो ओलिंपिक 2020 में बना था जो 3ः00.25 सेकेंड का था।

## एशिया कप से पहले 3-0 से वनडे सीरीज जीता पाकिस्तान

अफगानिस्तान को तीसरा वनडे 59 रन से हराया; शादाब खान को 3 विकेट




**कोलंबो।** पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले अफगानिस्तान का वनडे सीरीज में सफाया कर दिया है। टीम ने कोलंबो में खेले गए सीरीज के आखिरी मुकाबले में 102 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पाकिस्तान से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने फिफ्टी लगाई। जबकि गेंदबाजी में शादाब खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

अफगानिस्तान से आखिरी में गेंदबाज मुजीब-उर-रहमान ने 5 छक्के और 5 चौके लगाकर टीम को जिताने की कोशिश की। लेकिन उनकी फिफ्टी टीम की जीत के लिए काफी नहीं रहे।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहली बार वनडे सीरीज हुई। पाकिस्तान ने पहला वनडे 142 रन और दूसरा वनडे एक विकेट के करीबी अंतर से जीता था। टीम ने तीसरा वनडे 64 रन के अंतर से जीता। दोनों टीमों के बीच अब तक 7 वनडे खेले गए, सभी पाकिस्तान ने जीते। इस सीरीज से पहले दोनों टीमों के 4 वनडे एशिया कप और वर्ल्ड कप में ही खेले गए। अफगानिस्तान को 3-0 से हराने के बाद पाकिस्तान टीम ICC वनडे टीम रैंकिंग की नंबर-1 रैंक टीम बन गई है। टीम के 118 अंक हो गए। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के भी 118 पॉइंट्स ही हैं, लेकिन पॉइंट्स के कारण पाकिस्तान टॉप पर है। भारत 113 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने फखर जमान (27 रन) और इमाम उल हक (13 रन) के विकेट महज 52 के स्कोर पर गंवा दिए। यहां से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने पारी संभाली।

## शटलर एचएस प्रणय वर्ल्ड चैम्पियनशिप का सेमीफाइनल हारे

कुन्लावुत वितिसार्न ने 3 गेम में हराया; ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा

भारत के शटलर एचएस प्रणय वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच पाए। उन्हें मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में थाईलैंड के कुन्लावुत वितिसार्न ने हरा दिया। प्रणय ने पहला गेम 21-18 के अंतर से जीत लिया था, लेकिन आखिरी 2 गेम में वितिसार्न ने 13-21, 14-21 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मुकाबला डेनमार्क के कोपनहेगन में खेला जाएगा। सेमीफाइनल हारने के बाद प्रणय को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। वह वर्ल्ड चैम्पियनशिप के मेंस सिंगल इवेंट में मेडल जीतने वाले भारत के 5वें शटलर बने।



मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रणय को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने पहले गेम में अटैकिंग रुख अपनाया और वितिसार्न को बचने का मौका नहीं दिया। अटैकिंग गेम के दम पर प्रणय ने पहला सेट 21-18 के अंतर से जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय एक समय 6-1 से आगे थे, लेकिन वितिसार्न ने धीरे-धीरे पॉइंट्स लेना शुरू किए और स्कोरलाइन 6-6 कर दी। वितिसार्न ने बराबरी को बढ़त में कन्वर्ट किया और 21-13 के अंतर से मुकाबला जीत लिया।

2 गेम के बाद स्कोरलाइन 1-1 रही। तीसरे गेम में वितिसार्न ने अपना मोमेंटम बनाए रखा और 6-1 की बढ़त बना ली। प्रणय ने यहां से वापसी की और स्कोरलाइन 7-4 कर दी, लेकिन वितिसार्न ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया और गेम 21-14 के अंतर से जीत लिया। एचएस प्रणय (सफेद टी-शर्ट) को कुन्लुवात वितिसार्न (नीली टी-शर्ट) ने 3 गेम तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में हराया। एचएस प्रणय (सफेद टी-शर्ट) को कुन्लुवात वितिसार्न (नीली टी-शर्ट) ने 3 गेम तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में हराया।

एशिया कप क्रिकेट सीरीज, पार्ट-2

## भारत के नाम सबसे ज्यादा 12 मेजर ट्रॉफी, पाकिस्तान जीतता है 48 प्रतिशत मुकाबले




**मुंबई।** दुनियाभर में जितने क्रिकेट फैन हैं उनमें से 85त्न हमारे एशिया में ही रहते हैं। इस लिहाज से जिस टीम की धाक एशिया में होती है उसका रुतबा वर्ल्ड क्रिकेट में भी काफी ज्यादा होता है। इस स्टोरी में हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं इस महाद्वीप में जितनी भी टीमें खेल रही हैं उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखने से लेकर अब तक कैसा प्रदर्शन किया है। हमने यह स्टोरी इस समय आपके सामने रखने का फैसला इसलिए किया क्योंकि 30 अगस्त से एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का 16वां एडिशन शुरू हो रहा है। इस बार मुकाबला वनडे फॉर्मेट में होगा। पिछले साल यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। हमने इस एनालिसिस में टेस्ट को भी शामिल किया है ताकि कम्प्लीट पिक्चर सामने आ सके। सबसे पहले यही देखते हैं कि अब तक एशिया की किस टीम ने कितनी मेजर ट्रॉफी अपने नाम की है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 28 अगस्त 2023

# सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों से मिले सांसद विजय बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-सत्ती।



भारतीय जनता पार्टी छतीसगढ़ प्रदेश के चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद और भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों में से पाटन विधानसभा उम्मीदवार विजय बघेल अल्प प्रवास पर सक्ती पहुंचे। सक्ती पहुंचने पर वे सीधे नगर के प्रबुद्ध व्यापारी वर्ग से मिलने हटरी धर्मशाला पहुंचे। जहां पहुंचने पर व्यापारियों द्वारा उनका फू ल माला से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम नगर मण्डल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने आगंतुक अतिथियों और व्यापारी भाइयो के लिए स्वागत उद्बोधन दिया। तत्पश्चात भाजपा पदाधिकारियों ने व्यापारियों का पुष्प भेंटकर स्वागत किया। व्यापारियों के साथ बैठक में उन्होंने चुनाव घोषणा पत्र हेतु व्यापारियों की राय जाननी चाही एवहीं व्यापारियों ने भी सांसद विजय बघेल को अपनी समस्याएं बताते हुए बात रखी और सभी वर्गों के साथ व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए चुनाव घोषणा पत्र जारी करने की बात कही। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष विजय डालमिया ने अनेकोनेक विभागों में व्यापारियों के भटकने को बड़ा मुद्दा बताते हुए इसके सरलीकरण की बात कही, वहीं चेम्वर प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने पुरानी बहुत सी खामियां गिनाते हुए इस बार उस पर विचार करके घोषणा पत्र बनाने पर जोर



दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग सांसद विजय बघेल के साथ जांजगीर चांपा लोकसभा के सांसद गुहांराम अजगले, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू,भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, पूर्ण नपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल मंचस्थ थे व्यापारी वर्ग से प्रेमचंद सराफ, उमेश बंसल,मुरारी केड़िया,गुलाब केड़िया, नूरी खेतान, सुमित अग्रवाल,दिलीप सराफ राजेश सराफ , नरेश मित्तल, विकास अग्रवाल बंटी,विक्कू अग्रवाल दुल्हन, हरजीत सलूजा, बाबूलाल भोजवानी,अमित राठौर, रवि अग्रवाल,मुकेश जिंदल,आकाश निगानिया सहित व्यापारी बंधु उपस्थित थे। व्यापारी भाईयो के साथ विधान सभा चुनाव के संबंध में जनभावना के अनुरूप घोषणा पत्र क्या होना चाहिए उस पर राय मशवरा किया गया जिस पर व्यापारी भाईयो के द्वारा अपने अपने सुझाव दिए गए सांसद विजय बघेल को पार्टी नेतृत्व के द्वारा पाटन विधान सभा से भाजपा के उम्मीदवार घोषित किए गए है। ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाएगी जिस पर उपस्थित जनों द्वारा अग्रिम शुभकामनाएं दी गई रास्ते में पान ठेला होटल एवम सेलून में रुककर उनका हालचाल जाना एवम घोषणापत्र के संबंध में उनसे राय ली गई साथ ही भाजपा जिला कार्यालय सक्ती में महिला खाद्यान्न समिति कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य प्राइवेट स्कूल संचालक समिति के सदस्यो से मुलाकात की एवम घोषणापत्र के लिए सभी से सुझाव लिए जिस पर संगठनों के सदस्यो ने अपनी सुझाव एवं मांगे रखी। एवं घोषणा पत्र पेटी में सभी के द्वारा अपना.अपना सुझाव पत्र डाला गया बैठक में प्रमुख रूप से जांजगीर लोकसभा स्थानीय सांसद गुहाराम अजगले जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम गबेल पूर्व विधायक खिलावन साहू जिला उपाध्यक्ष अमृतलाल साहू जिला महामंत्री टिकेश्वर सिंह गबेल, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव,मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल जिला मंत्री संजय रामचंद्र, सुश्री अन्नपूर्णा राठौर, अरुण शर्मा, अमन डालमिया, जिला युवामोर्चा अभिषेक शर्मा उपस्थित थे।

चुनाव के पहले सुकमा ज़िले में भाजपा को बड़ा झटका

# 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन



जोहार छत्तीसगढ़ – दोरनापाल।

चुनावी साल में जहां एक ओर भाजपा सत्ता में वापसी के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रही है तो दूसरी ओर भाजपा को एक के बाद एक कई बड़े झटके लग रहे हैं। इसी कड़ी में खबर आ रही है कि सुकमा में भाजपा को जोर का झटका लगा है। बताया जा रहा हे कि 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। सुकमा जिले के तोंगपाल के हमिरगढ़ सहित आस—पास के कई गांवों के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इन सभी कार्यकर्ताओं को मंत्री कवासी लखमा ने कांग्रेस की सस्यता कांग्रेस पार्टी का गमछा पहना कर दिलाई है। बताया जा रहा है कि सभी कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार की जनहितैसी योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा-6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णत: भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration में 31 अगस्त 2023 ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदक रायगढ़ जिले का निवासी हो और जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। साथ ही कक्षा तीसरी एवं चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है। आवेदक की जन्म तिथि 1.5.2012 तथा 31.7.2014 (दोनों दिन शामिल)के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

## हाईवा-ट्रेलर में भिड़ंत : एक की मौत

**कोरबा-रायपुर** । दीपका थाना क्षेत्र के बाघा बॉर्डर के पास कोयले से भरी हाईवा वाहन सामने से आ रहे एक ट्रेलर वाहन से जा भिड़ा। हादसे में हाईवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं परिचालक बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गेवरा खदान से कोयला लोड कर निकली ट्रेलर रास्ते मे हादसे का शिकार हो गई, जिसमें चालक की मौत हो गई है वही हेल्पर घायल है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी-12 एस-6210 में चालक सुखसागर कश्यप और हेल्पर कुश कुमार हरदीबाजार जा रहे थे। इसी दौरान दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघा बॉर्डर के पास सामने से आ रही ट्रेलर को साइड देते हुए उनकी ट्रेलर रास्ते मे खराब खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी-12 एल -1056 के पीछे तरफ जा टकराई, हादसे में चालक सुखसागर केबिन में ही फंस गया और उसकी मौत हो गई वही हेल्पर लव कुमार जैसे तैसे बाहर निकला, जिसने ही घटना की जानकारी अन्य को दी, घटना शनिवार सुबह 8 बजे की है, जिसके बाद मौके पर पहुँची दीपका पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर अपनी जांच में जुट गई है।

## गांजा बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर** । गुढियारी पुलिस ने गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गोगांव ओव्हरब्रीज के पास एक युवक अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी राजू निर्मलकर 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 32 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर** । नेवरा व विधानसभा पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1150 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी दारा सिंह जोशी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी घनश्याम निषाद 34 वर्ष व डोमन तुरकाने को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत किए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के संयुक्त तत्वधान में आज 27 अगस्त 2023 को गुरु घासीदास प्लाजा अमापारा रायपुर से गिरोदपुरी धाम तक के लिए बाइक रैली के माध्यम से भव्य सतनाम संदेश यात्रा निकाला गया। इस यात्रा का स्वागत करने हेतु आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल जी ग्राम सेमरिया चौक के पास पहुंचे। वहा उन्होंने सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत एवम अभिनंदन किए। मौके पर अग्रवाल ने सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, सतनाम संदेश यात्रा के कार्यकर्ताओं का शाल, श्रीफल एवम फुलमलाओ के साथ स्वागत एवम अभिनंदन किए। उन्होंने सतनाम संदेश यात्रा रथ में बैठकर ग्राम सेमरिया से दोदेकला तक की यात्रा में शामिल हुए, तथा समाज के सभी पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दी।

आज के इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष आर.पी. भतपहरी, प्रदेश संरक्षक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज एवं प्रदेश संयोजक सर्व समाज समन्वय महासंघ छत्तीसगढ़ विनोद भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे साहब, मोहन बंजारे प्रदेश अध्यक्ष संघर्ष समिति प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बबलू त्रिवेंद्र सहित भारी संख्या में समाज के नागरिकगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बिहान की महिलाओं ने किए कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




बरमकेला सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला विकासखंड के बुदेली क्लस्टर के गावों बुदेली और खिचरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाओं द्वारा कई कार्यक्रम किए गए हैं। इनमें मतदाता नारा के साथ में गांव में मतदाता शपथ, रैली, रंगोली और रक्षाबंधन पर्व के पूर्व मतदान के लिए बहनों ने भाईयों को मतदान संकल्प की स्वीप राखी बांधी। इन कार्यक्रमों के आयोजन में सभी कैडरों, सरपंच-सचिव, कोटवार, पीआरपी, एसी, एएसएस एवं पंचों सहित ग्रामीणों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# कांग्रेस को मजबूती करने में सेवादल का अहम योगदान-कमल साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सकती।



जिला मुख्यालय सक्ती में स्व बिसाहू दास मंहन्त उद्यान में जिला कांग्रेस सेवा दल के द्वारा नगर कॉग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष दिगम्बर चौबे एवं विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल किशोर साहू के उपस्थिति में 27 अगस्त 23 दिन रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकर के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष शिव साहू के निर्देश में सक्ती जिला में प्यारे लाल पटेल अधिवक्ता कांग्रेस सेवादल ब्लाक अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत उद्यान सक्ती में ध्वज वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डिगंबर चौबे विधायक प्रतिनिधि गिरिधर जयसवाल एवं कांग्रेस नेता कमल किशोर साहू उपस्थित रहे। ध्वज वंदना कार्यक्रम में पूर्णिमा पटेल,रनसाय बरेठ,संपत कुमार केवट,राज कुमार गबेल,रामदयाल पटेल,धनीराम महंत,सुरेश कुमार सिदार,ईस्माइल खान,गनपथ सिंह सिदार,भगत सिंह नेताम,राम नारायण पटेल,जीवन सिंह सिदार,हिराधर जयसवाल,भूपेन्द्र कुमार जयसवाल,सोनू चन्द्रा एवं समस्त कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुन्ना परे हे गौठान

सुन्ना परे हे गौठान
बिना चारा पानी के।
सड़क म बइठे गउ माता
गिनती गिनय जिनगानी के।।
अपन मौत के रद्दा जोहत
गउ महतारी रोवत हे।
एको दिन सुख पावत नइहे
दु:ख के कांटा बोअत हे।।
खाय पीये के नइहे ठिकाना
गउ माता वरदानी के
सुन्ना परे हे गौठान।।
गउ माता के चारा पानी
निरलज मनखे खावत हे।
गोबर तको नइ बाचत हावै
मनखे खाके इतरावत हे।।
गउ के जीना दुरभर होगे
चुप बइठे हे बिन बानी के
सुन्ना परे हे गौठान।।

रोज सड़क म कटत मरत हे
बिना मौत गउ महतारी।
कतको गउ के किरिया खाके
मारत हें निच्चट लबारी।।
गउ ल लहू केआंसू रोवइया
मरही बिन खपरा छानी के
सुन्ना परे हे गौठान।।

जघा-जघा गौठान बने हे
फेर काबर ए करलाई।
गउ के सेवा मिलथे मेवा
कहे वेद सिरतोन भाई ।।
सही गलत ल सोचव समझव
अंत होय अभिमानी के
सुन्ना परे हे गौठान।।

**कवि**
**पुरुषोत्तम ठेठवार**
**धरमजयगढ़**



# बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे शक्ति वन टू वन मिले दाबेदारों से

जोहार छत्तीसगढ़-सत्ती।

भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सत्ती जिला पहुचें हुए है। बृजमोहन ने कोर कमेटी सदस्यों के साथ बैठक करने के बाद वन टू वन चर्चा की एवं भाजपा के संभावित दावेदारों के साथ आयें हुए समाज प्रमुख से मिले।



बृजमोहन ने 26 अगस्त को सक्ती जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर न केवल पार्टी को रिचार्ज किया, बल्कि सक्ती जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सियासी माहौल में उफ ान पर लाने का काम किया है। इस दौरान संभावित प्रत्याशियों ने बृजमोहन अग्रवाल से भेंटकर अपनी.अपनी दावेदारी ठोकी। इनमें पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, प्रेम पटेल, टिकेश्वर गवेल,भुवन भास्कर यादव, विद्या सिदार, किसान नेता कृष्ण कुमार गबेल, संजय रामचंद्र, उमा राजेन्द्र राठौर, अन्नपूर्णा राठौर आदि प्रमुख चेहरे है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने तीन महीने पहले 21 विधानसभा क्षेत्रों से टिकट घोषित कर दिया। उन्होंने कहा चुनावी समर के लिए हम तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रायपुर साइंस कालेज मैदान में हुई सभा के बाद लगातार बड़े नेताओं के दौरे प्रभारी, सह प्रभारी समेत संगठन का एक्टिव होना चुनावी हलचल को दिखा रहा है। इधरए बृजमोहन अग्रवाल ने सक्ती पहुंचकर पार्टी को रिचार्ज कर दिया है।

### दर्जनों भाजपा नेता टिकट के लिए कतार में दिखे

किसान नेता कृष्ण कुमार गबेल ने बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर अपने दावेदारी पेश की, और उन्होंने अपनी राजनैतिक उपलब्धियों को बताया। इसी तरह से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों की लंबी कतार देखने को मिली। जिसमें संजय रामचंद्र, उमा राजेन्द्र राठौर, अन्नपूर्णा राठौर सहित दर्जन भर से ऊपर भाजपा नेता कतार में रहे। इस दौरान रामावतार अग्रवाल मांगेराम अग्रवाल अनूप अग्रवाल प्रीतम, सिंह गबेल रामनरेश,यादव संजय अग्रवाल, प्रेम पटेल, टिकेश्वर गवेल,हेत राम देबागन,भुवन भास्कर यादव, घनश्याम साहू, अंकित अग्रवाल, प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर, राजा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर से मिलने पहुंचे बृजमोहन

राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह सक्ती रियासत के राजा रहे है। वो अभिवाजित मध्यप्रदेश में मंत्री भी रह चुके हैं। यही वजह है कि कोई भी बड़े नेता जब सक्ती पहुंचते है तो वे स्वयं इनके पास मुलाकात करने पहुंचते है। वयोवृद्ध हो चुके सुरेन्द्र बहादुर राजमहल पहुंचने वाले सभी अतिथियों से बड़ी आत्मीयता से मिलते हैं।

# शबरी महिला शक्ति विकास संस्था ने मनाया स्थापन दिवस एवं सावन उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-दोरनापाल।

**शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा सावन मास के समस्त पर्वों को एक ही दिन एक ही प्रांगण में मनाते हुए सावन उत्सव के रुप में भावविभोर कर देने वाली छटा बिखेरी गयी। शनिवार को शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के सद्स्यों द्वारा पहला स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।**





जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी उपस्थित रहे साथ ही विशेष अतिथि के रुप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कोंटा माड़वी देवा, जनपद पंचायत सीईओ कैलाश कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया, एनएसयूआई प्रदेश सचिव नमीर अली उपस्थित रहे। महिला समूह ने सावन उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हरीश कवासी ने अपने अंदाज में भाषण दिया और लोगों मन मोह लिया और कहा मेरा हमेशा साथ शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के लोगों के लिए रहेगा। हमेशा उनके संस्था के लिए मैं हर संभव मदद का प्रयास करुंगा। वही शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के संरक्षक सच्चावति नाग एवं अध्यक्ष अन्नापूर्णा घोष अन्नू, ने अपने अध्यक्षता भाषण में अपने संस्था के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते कहा कि हम यहां बताना चाहते हैं कि शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा शुरू से ही इस उद्देश्य को लेकर गठित किया गया है की क्षेत्र की शिक्षा व स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण संबंधी समस्या को प्रशासन की मंशा अनुसार कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया जा सके हमारे ज्यादातर सदस्य इसी क्षेत्र से जुड़े हैं तथा वे भली-भांति जानते हैं की क्षेत्र का विकास किस तरह से हो सकता है हम यह तो दवा नहीं करते की पूरा का पूरा समस्याओं का पूरी तरह से समाधान कर लिया जाएगा परंतु अगर हमारे शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के प्रयास से एक प्रतिशत भी वर्ग लाभान्वित होता है तो यह हमारे लिए मिल का पत्थर साबित होगा। शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के प्रत्येक सदस्य अपनी क्षमता अनुसार अपना सर्वोत्तम क्षेत्र के लिए देने को तत्पर है और दे रहा है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे सभी सदस्य स्वयं की प्रेरणा से स्वयं निर्णय लेकर सभी कार्यों को संपादित कर रहे हैं हम जानते हैं कि हमारा उद्देश्य एक दिन में पूरा होने वाला नहीं है परंतु हमने भी यह ठाना है की क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं में प्रगति को लाना है। स्थापना दिवस समारोह के बाद शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा सावन उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं हरे रंग के परिधान में उपस्थित रहीं। इस सावन माह के सावन उत्सव में मुख्य अतिथि शीतल कवासी उपस्थित हुई। इनकी उपस्थिति से सावन उत्सव में रंग भर गया वैसे तो छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतिम छोर कोंटा विधानसभा में शीतल कवासी महिलाओं के लिए आइकन हैं सावन उत्सव कार्यक्रम में विषेश अतिथि के रुप में दंतेश्वरी महिला संगठन सुकमा के सदस्य उपस्थित रहे। सावन मास के अहम पर्वों को विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से एक कड़ी में पिरोते हुए शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा सावन उत्सव का नाम दिया गया।

सामुदायिक भवन कोंटा में आयोजित इस भव्य आयोजन की प्रथम कड़ी शिव पूजा के पश्चात शिव तांडव डांस स्वेता घोष द्वारा किया गया। उसके बाद एक से बड़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों और कोंटा नगर के महिलाओं का मन मोह लिया। इस सावन उत्सव में महिलाओं ने फ्रेन्डशीप डे तथा रक्षाबंधन पर्व को एक सूत्र में पिरोते हुए समस्त सदस्यों द्वारा जहां अपने मित्र एवं मित्रता की बानगी सुनाई गई। वहीं रक्षाबंधन पर्व के विषय पर भी सभी सदस्यों द्वारा अपनी अभिव्यक्ति का इजहार किया गया व संगठन की सूत्रधार एवं सभी सदस्यों को एकजुटता के धागे मे पिरोये रखने का माद्दा रखने वालीं अन्नापूर्णा घोष उर्फ अन्नू एवं सच्चावती नाग के सफ ल आयोजन पर शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा के सदस्यों का धन्यवाद प्रकट करते हुए इस कार्यक्रम में अहम योगदान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृष्ण प्रकाश सिंह उर्फ रिंकु सिंह को समान करते हुए मुख्य अतिथि हरीश कवासी से सम्मान करा कर उनका एक अलग अंदाज में उनकी भूमिका को बताया। सुन्दरी घोषित किया गया। इसके बाद सावन को विदाई दी गयी, तथा देश समाज तथा प्रत्येक जन के स्वर्णिम एवं स्वस्थ भविष्य की भगवान भोलेनाथ से कामना भी की गई। इस अवसर पर कोंटा नगर के समस्त युवा संगठन, महिला संगठन एवं सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पद हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 1 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।


कार्यालय
मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास, संसदीय कार्य, पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन, आयाकट, स्कूल शिक्षा, सहकारिता विभाग

क्रमांक 6661 वी.पी. दिनांक 26/08/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती किये जाने हेतु 10 मई 2023 को विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची की विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा छग के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं प्रकाशित उक्त सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 01 सितम्बर 2023 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति कर सकते है अभ्यार्थी उक्त सूची में समस्त जानकारी का अवलोकन करे तथा आपत्ति होने पर दावा आपत्ति निर्धारित तिथि को प्रस्तुत करे। निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

### सुशील रामदास हुए रोटरी के सर्वश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शशांक रस्तोगी द्वारा भिलाई में आयोजित द्वारा डिस्ट्रिक अवॉर्ड फ ंक्शन में सुशील रामदास को सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन के सम्मान से सम्मानित किया गया। 3600 सदस्यों और 108 क्लबों वाले रोटरी क्लब के इस डिस्ट्रिक्ट में सुशील रामदास को स्टार रोटेरियन सम्मानित किया गया। वहीं रोटरी क्लब रायगढ़ को अलग-अलग क्षेत्रों में 8 सम्मान से सम्मानित किया गया। सुशील रामदास को इस सम्मान से सम्मानित किया जाना रायगढ़ के लिए गौरव की बात है। रोटरी क्लब के गवर्नर शशांक रस्तोगी का इस विषय पर कहना है कि सुशील रामदास के सेवा कार्यों के आधार पर सर्वश्रेठ रोटेरियन अर्थात् स्टार रोटेरियन के सम्मान से उन्हें सम्मानित किया गया है। इस विषय में सुशील रामदास ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारी नहीं है, अपितु यह रायगढ़ के लोगों के सहयोग से हमारे द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धि है। इसलिए इस उपलब्धि का श्रेय मैं रायगढ़ के लोगों, मित्रों व सहयोगियों का मानता हूं। ज्ञात हो कि सुशील रामदास ने रायगढ़ में रोटरी क्लब के माध्यम से पेय जल व्यवस्था सहित कई अन्य ख्याति लब्ध कार्यक्रम संचालित किया है। इन्हीं कार्यक्रमों के कारण सुशील रामदास को सर्वश्रेठ रोटेरियन सम्मान अर्थात् स्टार रोटेरियन से सुशील रामदास को सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए सुशील रामदास ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शशांक रस्तोगी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### ब्लॉक ऑफिस सारंगढ़ में आज प्लेसमेंट कैंप

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

जिले के 8वी उत्तीर्ण से लेकर आगे की पढ़ाई कर चुके बेरोजगारों के लिए निजी कंपनी में नौकरी करने का अवसर प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से मिलेगा। यह कैम्प जनपद पंचायत ;ब्लॉक ऑफिस सभाकक्ष सारंगढ़ में 28 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे किया गया है। योग्यताधारी युवक-युवतियां समस्त प्रमाण पत्र के ओरिजनल दस्तावेजों के साथ इस भर्ती में शामिल हो सकते हैं। इस कैंप में वेल्डर और सिलाई मशीन ऑपरेटर पद के लिए आठवीं उत्तीर्णए फिटर, होटल प्रबंधन और इलेक्ट्रीशियन पद के लिए दसवीं उत्तीर्ण और सोलर टेक्नीशियन पद के लिए योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण होना चाहिए। सेल्स ऑफिसर पद के लिए योग्यता 10वीं और 12वीं पास होनी चाहिए।

## चुनाव के पहले सुकमा जिले में भाजपा को बड़ा झटका,

# 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

जोहार छत्तीसगढ़-दोरनापाल।



चुनावी साल में जहां एक ओर भाजपा सत्ता में वापसी के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रही है तो दूसरी ओर भाजपा को एक के बाद एक कई बड़े झटके लग रहे हैं। इसी कड़ी में खबर आ रही है कि सुकमा में भाजपा को जोर का झटका लगा है। बताया जा रहा हे कि 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। सुकमा जिले के तोंगपाल के हमिरगढ़ सहित आसकृपास के कई गांवों के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इन सभी कार्यकर्ताओं को मंत्री कवासी लखमा ने कांग्रेस की सस्यता कांग्रेस पार्टी का गमछा पहना कर दिलाई है। बताया जा रहा है कि सभी कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार की जनहितैषी योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।

सफलता की कहानी

# पलकों के पक्षाघात प्टोसिस का सफल उपचार चिरायु से हुआ संभव

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी की मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निराला के कुशल नेतृत्व में चिरायु टीम निरंतर सफ लता प्राप्त कर रही है। ऐसे ही चिरायु टीम सारंगढ़ द्वारा अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान बैगीनडीह निवासी बालक द्रुप निषाद उम्र 8 वर्ष जो पलकों के पक्षाघात जिसे चिकित्सकीय भाषा में प्टोसिस कहते हैं, इसमें पलक आंशिक या पूरी तरह से आंख को ढंक लेते हैं। जिससे देखने में समस्या होती है, लगभग आंख बंद


पहले
बाद

सा दिखता है और देखने में असहज भी लगता है। जिसका एक मात्र ईलाज ऑपरेशन ही है जिसे ऑफ थैलमिक सर्जन ऑपरेशन के माध्यम से ठीक करते हैं। चिरायु टीम अपने इस चिन्हित बच्चे को जांच व पहचान से लेकर इलाज व ऑपरेशन तक पूरी तरह से सम्पर्क में रहकर गाइड करता है और इलाज हेतु प्रेरित व सहयोग करता है। इस बच्चे का ऑपरेशन भाटिया नेत्रालय भिलाई में 8 अगस्त 2023 को ऑफ थैलमिक सर्जन द्वारा किया गया जो पूरी तरह नि:शुल्क हुआ है।

बच्चा अब पहले से बेहद स्वस्थ अनुभव कर रहा है। परिजन भी अपने गाइड चिरायु टीम व डॉक्टर की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रही है साथ ही सरकार की इस योजना के लिए आभार प्रकट की हैं। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन एल इजारदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सिदार, जिला नोडल चिरायु डॉ पी डी खरे, चिरायु टीम के डॉ नम्रता, डॉ प्रभा, डॉ गौरी जायसवाल, ललिता एएन एम के विशेष सहयोग से इस चिन्हित बच्चे का सफल जांच व इलाज हो सका है। उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित चिरायु टीम के माध्यम से समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों व शासकीय स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। पूरे सत्र में स्कूल के बच्चों का 1 बार और आंगनबाड़ी के बच्चों का 2 बार पूरे बीमारियों को 4 वर्गों में विभाजित कर इलाज हेतु चिन्हित कर उनको नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ प्रदाय चिरायु टीम करती है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही साथ शिक्षा विभागए महिला बाल विकास, पंचायत विभाग का अहम योगदान रहता है।

# भाजपा नेता जागेश ने सरकार के विरोध में बनाया वीडियो, प्रदेश में बना जनचर्चा का विषय

भूपेश बघेल के नाकामियों को किया था प्रकाशित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।


विगत 1 वर्ष पूर्व भाजपा नेता जागेश सिंह सिदार के द्वारा कांग्रेस सरकार के विरोध में गीत अल्बम बनाया गया था। जो आज जनचर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो में गंगाजल की झूटी कसम खाने की बात कही गई है। साथ ही उस गीत में भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत और पूर्व में प्रदेशाध्यक्ष रहे अमित साहू भी नजर आ रहे है। गीत की सुरवती बोल थे गंगा जल लेके हाथ मा संगी जो झूट बोले ना,ऐसे भुपेश सरकार ला उखाड़ फेको ना जो कि आज एक वृहद जनचर्चा का रूप ले चुका है। विधानसभा के चुनाव नजदीकी आते ही यह गीत अब प्रदेशव्यापी प्रकाशित होने का आकार ले रहा है। आज के युग में यह अल्बम का बड़ा ही ज्यादा महत्व है। युवाओ द्वारा गीत के माध्यम से सरकार परिवर्तन करने के आशय से जागेश द्वारा बनाया गया यह गीत अब लोगों को प्रभावित कर रही है। छत्तीसगढ़ के बोल में यह गीत प्रदेश के कानों में गूंज रहा है।




## कॉलेज के छात्र-छात्रायें अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अलग-अलग तरीके से हाथों में रोचक स्लोगन तख्ती और नारे के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे

वृद्धजन व नये मतदाताओं का किया गया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले में हर जगह स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बुजुर्ग मतदाताओं के साथ नववधु और नये मतदाताओं का सम्मान भी किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्रायें अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अलग-अलग तरीके से हाथों में रोचक स्लोगन तख्ती और नारे के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। बेरला में तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गुधेली में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुधेली हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा विशाल रैली निकालकर की गई। वृद्धजन मतदाता,नये मतदाता और दिव्यांगजन मतदाताओं का सम्मान किया गया। बेरला महाविद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन एवं गीत की प्रस्तुति की गयी। गुधेली एकड़रका स्कूल के छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बिरला महाविद्यालय के सूट नोडल अधिकारी जीएस भारद्वाज, विकेश यादव,गुधेली प्राचार्य ध्रुव,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उइके, बीएलओ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्राम कटई में जन चौपाल एवं समाधान शिविर का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान तहत 26 अगस्त 2023 को थाना चंदनू प्रभारी उप निरी. सुरेश कश्यप एवं अन्य स्टाफ , थाना चंदनू क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटई में ग्रामवासियों को साइबर क्राइम से बचने तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगतए शारीरिकए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। तथा मोबाईल गुम लिंक व हमर बेटी हमर मान के संबंध में जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। तथा आमजन को यातायात के नियमों का हमेशा पालन करनें एवं अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। तथा ग्रामवासियों से गांव के समस्या संबंधी चर्चा किया गया। साथ ही मवेशी मालिको से अपील किया कि अपने मवेशीयों को बांध कर रखे।

ताकि इनकी वजह से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। मवेशी के सड़क पर घुमने, बैठने से सड़क दुर्घटना होती है। जिससे लोगो और मवेशीयों की जान चली जाती है। तथा चरवाहों की देखरेख में चराने के लिए भेजने, सड़क पर स्वतंत्र रूप से घुमने हेतु न छोड़ने के संबंध में समझाईस दी गई। इस दौरान थाना चंदनू प्रभारी उप निरी. सुरेश कश्यप, प्रधान आर. अजय बंजारे, आर. मिरे व अन्य स्टाफ एवं ग्राम कटई के वरिष्ठ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 28 अगस्त 2023

# रौशन करने खेला जान पर, जगमागा उठा गांव

जोहार छत्तीसगढ़-पाखंजुर।

मौसम की खराबी, आंधी तूफान और भारी बारिश के कारण सड़क के बह जाने, पुलों के टूट जाने की खबरों के बीच प्रशासन की विफलता की चर्चा आमतौर पर होने लगती है।



ऐसी भी तस्वीरें वायरल होने लगती है जिसमें किसी बीमार या गर्भवती महिला को अस्पताल लाने के लिए कठिन जुगत लगानी पड़ती है। पर कई बार प्रशासन के लोगों की जीवटता भी आमजन का प्रशासन पर पर जो भरोसा है उसे न केवल बनाए रखती है बल्कि कहीं अधिक मजबूत भी करती है। ये तस्वीरें और वीडियो बहुत कुछ अपने आप बयां कर रही है।

जानकारी मिली की 25 अगस्त 2023 को कोटरी नदी में डोंगी में सवार लोगों के बीच लगभग 350 किलो का यह ट्रांसफार्मर भी है। लगभग 20-30 घरों वाले गांव बांगोघोड़िया में खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाना है। सीएसपीडीसीएल के अधिकारी और उनके लाइन स्टॉफ के लोग और कुछ स्थानीय ग्रामीण भी डोंगी में सवार हैं। नदी नाले के उफान में होने के कारण गांव का सड़क संपर्क सभी तरफ से टूट गया था। ऐसे में गांव में नया ट्रांसफ ार्मर पहुंचाने के लिए बीच में पड़ने वाले कोटरी नदी को पार करना ही एक मात्र रास्ता था। नदी पार कराने के लिए वहां कोई बड़े जेट्टी का नहीं बल्की स्थानीय लोगों का सहारा डोंगी छोटी नाव था। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से डोंगी में लाए गए इस ट्रांसफ ार्मर को ट्रेक्टर में भर कर गांव में ले जाया गया। उसके बाद बिजली कंपनी के लोगों ने उस नए ट्रांसफार्मर को बिना समय गंवा, बदलकर गांव की बिजली आपूर्ति बहाल की। विद्युत कंपनी के कर्मचारियों की इस जीवटता को ग्रामीणों ने भी सराहा। और ठीक भी है अच्छे कार्य की सराहना तो होनी ही चाहिए।

## एक नजर

### ऑनलाईन एयर गन चाकू छुरी मंगाने वालों पर रायगढ़ पुलिस रख रही नजर

सायबर सेल ने अभियान चलाकर जब्त किया दो दर्जन से अधिक शॉपिंग साइट से मंगाए गए हथियार

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर एक और जहां धारदार हथियार लेकर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है वहीं साइबर सेल की टीम अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑनलाइन मंगाए जा रहे हथियार, औजार जिनमें एयर गन, बटन चाकू, गुप्ती, स्टिक पर नजर रखे हुए है।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा एसडीओपी धरमजयगढ़ के मार्गदर्शन पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट स्नैपडील, अमेजन, मीशो, फ्लिपकार्ट इत्यादि से हाल ही में खरीदी किए गए ऐसे हथियार और औजारों क्रय करने वालों की जानकारी लिया गया जिसमें ज्यादातर युवा वर्ग के खरीदार पाए गए जो फैसी और खतरनाक हथियार का आर्डर किए हुए थे । कई ऑर्डर साइबर सेल की टीम ने कैंसिल कराया गया, कई ऑर्डर डिलीवरी हो चुके थे जिन्हें साइबर सेल की टीम द्वारा क्रयकर्ता को सामानों की उपयोगिता के संबंध में तस्दीकी के लिए साइबर सेल बुलाया गया । इस दौरान साइबर सेल ने मुहिम चलाकर 2 दर्जन से अधिक चाकू, एयर गन, गुप्ती, बटन चाकू, स्टिक जब्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सभी को पहली बार में समझाइश दी गई है दोबारा पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। रायगढ़ पुलिस अभिभावकों से अपील करती है कि वे अपने बच्चों को इस प्रकार के खतरनाक हथियार की खरीदी करने से रोके और उनके आसपास यदि कोई ऐसी खतरनाक हथियार की खरीदी करते देखा गया है तो संबंधित थाने को सूचित करें । ऑनलाइन शापिंग साइट से धारदार व घातक चाकू मंगाने वालों पर साइबर सेल की टीम द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । ग्राम धनेली में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल शर्मा 26 वर्ष हीरापुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शरेन्द्र शर्मा व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## स्टार सेरेमनी : सीनियर स्टेनोग्राफर के पद पर प्रमोट हुए एसपी स्टेनो अशोक देवांगन

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 21 अगस्त 2023 को राज्य के 9 कनिष्ठ शीघ्र लेखक/सूबेदार(एम) को वरिष्ठ शीघ्र लेखक (Senior Steno) के पद पर पदोन्नति योग्यता सूची जारी किया गया है । पदोन्नति प्राप्त करने वालों में जिले के एसपी स्टेनो अशोक कुमार देवांगन, जिला पुलिस बल रायगढ़ भी शामिल है । पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेव द्वारा अशोक कुमार देवांगन के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । अशोक देवांगन काफी समय से पुलिस कार्यालय रायगढ़ में अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप दक्षता एवं निष्ठा पूर्ण ईमानदारी से शासकीय कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है, अफसर उनके कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हैं । उन्हें शुभकामनाएं देने शुभचिंतकों का बधाई देने का तांता लगा है ।

### सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अमर सिंह 48 वर्ष व योगेश्वर ध्रुव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी थानेस साहू 23 वर्ष व उरला पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार साहू 46 वर्ष व रामु साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी रमन सिंह ध्रुव 48 वर्ष व वकील साह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी अरूण वर्मा 23 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर धीवर 36 वर्ष, नीरज महेश्वरी 31 वर्ष व सुरेश गायकवार्ड 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी सूरज पुरैना 25 वर्ष, राम स्वरूप साहू 45 वर्ष, टेटकू निषाद 25 वर्ष व राजा टण्डन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी समीर ढीढी 38 वर्ष व गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मनीष सिंह ठाकुर 38 वर्ष व आलेख पटेल 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## ग्रामीण बैंक का अचानक बजा सायरन चौकस नजर आई पुलिस, मिनटो में पहुंची घटना स्थल





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ ग्रामीण बैंक के आस पास आज यकायक कौतूहल विषय बन गया जब अचानक बैंक की सायरन बजने की आवाज लोगों को सुनाई दी। आज दोपहर करीब 3.से 4 बजे के बीच अचानक बैंक का सायरन सुनकर आस-पास क्षेत्र में भय जैसा माहौल बन गया सायरन की आवाज सुन क्षेत्रवासी चिंतभाव से परेशान हो गए और आनन फानन इसकी जानकारी धरमजयगढ़ पुलिस को दी गई फिर क्या था तत्काल थाना प्रभारी तिवारी ने पुलिस टीम संबंधित स्थल ग्रामीण बैंक के लिए रवाना किया गया। और सुरक्षा के मद्देनजर सक्रियता का पूरा परिचय देते हुए दल बल के साथ सायरन बजने की बात को लेकर संबंधित बैंक कर्मियों से संतुष्टि जनक जानकारी ली गई यहां बता दें, दिन रविवार होने की वजह से भी निकटवासी बैंक की सायरन की आवाज से खौफ खा गए हालांकि पुलिस मौके पर पहुंचकर जिम्मेदार बैंक कर्मियों से अचानक सायरन बजने की वजह जानी और सुरक्षा के मद्देनजर संतुष्टि जनक जवाब मिलने के बाद राहत की सांस ली गई। बहरहाल बैंक का सायरन बजते ही धरमजयगढ़ पुलिस की सक्रियता की गूंज भी नगर में गूंज गई।

## अंबेटिकरा से किलकिलेश्वर के लिए निकले सैकड़ों कांवरिया

जगह-जगह जलपान भंडारे की व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेटिकरा मंदिर से सैकड़ों की संख्या में कांवर यात्रा निकली। कलकल बहती मांड नदी की पावन जल धारण कर कांवरिया भगवान किलकिलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए।



शनिवार रात्रि अंबेटिकरा मंदिर प्रांगण में क्षेत्र के युवाओं द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई। जिसे ग्रहण कर रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह बोलबम के जयकारे लगाते हुए यात्रा शुरू हुई। यात्रा के पड़ाव में कांवरियों के लिए दानदाताओं द्वारा जलपान, भोजन की व्यवस्था की गई थी। यात्रा की प्रथम पड़ाव पीपरमार से ही जलपान की शुरुआत हुई, जिसके बाद कोदवारीपारा, सिसरिंगा, तेजपुर, रैरुमा खुर्द, चरखापारा में दो जगह, बाकारूमा के बाद पत्थलगांव में भोजन की व्यवस्था दानदाताओ द्वारा की गई थी। जहां से भोजन के बाद कांवरिया किलकिला के रात्रि में ही निकल पड़े। बता दें कि यह कठिन यात्रा लगभग 55 किलोमीटर की है। जहां श्रद्धालु पैदल चलकर यात्रा पूरी करते हैं। सोमवार सुबह किलकिलेश्वर महादेव में जलाभिषेक के बाद वापसी होगी। बोलबम कांवरिया समिति धरमजयगढ़ दान के सहयोग से मध्यस्थता कर व्यवस्था को संचालित करती है। समिति द्वारा सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## गरीबों को बेघर रखने वाली कांग्रेस शौचालय पर ओछी राजनीति कर रही- ओपी

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

छत्तीसगढ़ में गरीबों को बेघर रहने मजबूर करने वाली कांग्रेस पर प्रदेश महामंत्री ने शौचालय के मामले में स्तरहीन राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शौचालयों के लिए प्रधानमंत्री को किस मुंह से पत्र लिख रहे है।



छत्तीसगढ़ के लाखों गरीबों के प्रधानमंत्री, आवास लटका कर उन्हें बेघर बने रहने मजबूर करने वाले मुख्यमंत्री को चुनाव के ठीक पहले गरीबों के शौचालयों की चिंता क्यों हो रही है। मुख्यमंत्री गरीबों के शौचालय के नाम पर गरीबों के हिमायती बनने का प्रयास कर रहे है। चौधरी ने कहा नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की तर्ज पर केंद्र की योजनाओं में अड़ंगा लगाने वाले मुख्यमंत्री चुनाव के पहले पिछली सरकार पर 15 लाख परिवारों को उन्नत शौचालय सुविधा से वंचित करने का आरोप लगा रहे हैं। ओपी ने आश्चर्य जताते हुए कहा सरकार की विदाई के समय भूपेश बघेल को गरीबों के शौचालय की याद क्यों आ रही यह प्रदेश की जनता समझ चुकी है। 5 सालो से सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई रही। चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ के गरीब भली भांति जानते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आवास दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिलाओं को सम्मान देने के लिए छत्तीसगढ़ ही नही बल्कि पूरे देश में शौचालयो का निर्माण कराया है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री इस मसले में ओछी राजनीति कर रहे हैं। सवाल पूछने के पहले उन्हें जवाब देना चाहिए कि जब मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए दस हजार करोड़ रुपए की मंजूरी दी तब गरीबों के मकान क्यों नहीं बनवाए गए।

## सायरन बजते ही पता चल पायेगा हथियों का लोकेशन

## हथियों पर वन विभाग की अब और तेज रहेगी नजर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



जी हां हम बात कर रहे हैं टेक्नालॉजी की जिसमे एप्लिकेशन के माध्यम से हांथियों पर विशेष नजर रखी जायेगी इसके लिए गरियाबंद अभ्यारण्य से आए विशेष ट्रेनरों द्वारा रायगढ़ व धरमजयगढ़ मंडल के समस्त वनअधिकारी कर्मचारी और एलिफेंट ट्रेकरों को एक विशेष एप्लिकेशन के विषय मे बताया समझाया गया साथ ही उसे अपलोड भी कराया गया ताकि क्षेत्र में इंसान व हथियों के बीच चल रहे भीषण द्वंद में कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सके। जानकारी मुताबिक आज धरमजयगढ़ काष्ठागार में बाहर से आए ट्रेनरों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें देखा गया समस्त रायगढ़ व धरमजयगढ़ वनमंडल के वनाधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण में हाथी जैसी विकराल समस्या के मद्देनजर टेक्नालॉजी से जुड़ा हुआ एक महत्पूर्ण जानकारी साझा किया गया जानकारी के मुताबिक एनुवल ट्रैकर नामक एक एप्लिकेशन है जिसमे वन कर्मचारी खासकर हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ सकेंगे। फलस्वरूप क्षेत्र में ग्रामीणों को हाथी होने की सबसे तेज जानकारी होगी इस एप्लिकेशन के माध्यम से समय रहते लोगों को सूचना मिल जाएगी इसमें बताया जा रहा है सायरन के माध्यम से लोगों को हाथी की जानकारी होगी इस तरह हाथी और इंसान दोनों को सुरक्षित रखने में कारगर साबित होगा। बहरहाल हाथी जैसी विकराल समस्या से कुछ हद तक निजात पाने में डिजिटल टेक्नालॉजी क्या भूमिका निभाती है ये समय की बात है। बहरहाल डिजिटल टेक्नालॉजी के माध्यम से हाथी पर वन विभाग तेज नजर रखने का प्रयास कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in